दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 124
कोटद्वार बुधवार
30 अगस्त 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## नैनीताल पहुंची यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

**नैनीताल।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मंगलवार को नैनीताल पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने नगर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया। इससे पूर्व उनका राजभवन नैनीताल में स्वागत किया गया। यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन इन दिनों निजि दौरे पर नैनीताल पहुंचीं हैं। मंगलवार सुबह वह नैनीताल के राजभवन पहुंची। इसके बाद उन्होंने मल्लीताल स्थित वैलकम हैरीटेज एशडेल होटल में कुमाउनी व गुजराती भोजन का आनंद लिया। जहां होटल के महाप्रबंधक पवन उपाध्याय समेत अन्य कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने कुछ समय बोट हाउस क्लब में बिताया। जहां से वह कपड़ा कारोबारी रामलाल एंड ब्रोस के प्रतिष्ठान पहुंची। जहां उन्होंने हाथ से तैयार किए वस्त्र खरीदे। इसके बाद उन्होंने नैनी झील व मालरोड आदि स्थानों का भ्रमण कर सरोवर नगरी की खूब प्रशंसा की।

## जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित बनाने का फैसला अस्थायी, सुकोर्ट ने पूछा चुनाव कब कराओगे

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को खत्म करने के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में आज (29 अगस्त) 12वें दिन की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान केंद्र ने कोर्ट को बताया कि जम्मू-कश्मीर को दो अलग यूनियन टेरिटरी (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) में बांटने का कदम अस्थायी है। जल्द ही दोनों केंद्र शासित प्रदेशों को वापस एक राज्य बना दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी पूछा कि चुनाव कब करवाए जाएंगे।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने पूछा कि आखिर किस तरह अनुच्छेद-367 में संशोधन कर जम्मू-कश्मीर का स्पेशल स्टेटस हटाया जा सकता हैज् क्या जम्मू-कश्मीर राज्य की सहमति जरूरी नहीं थी? जब दूसरा पक्ष ( जम्मू-कश्मीर विधानसभा) मौजूद नहीं था, तब सहमति कैसे मिली! क्या अनुच्छेद-370 को हटाने के लिए एक तरीके से अनुच्छेद-370 का इस्तेमाल किया जा सकता हैज्? सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अनुच्छेद-370 का प्रावधान हटने से मनोवैज्ञानिक असमानता दूर हो गई है, एकता लाने के किसी भी कदम का स्वागत किया जाना चाहिए। संशोधन संसद की इच्छा के माध्यम से व्यक्त की गई लोगों की इच्छा है।

## लैंडिंग से पहले बंद हुआ इंडिगो के विमान का एक इंजन, बड़ा हादसा टला

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** मदुरै से मंगलवार को मुंबई आ रहे इंडिगो के एक विमान का एक इंजन लैंडिंग से पहले अचानक बंद हो गया, हालांकि इसके बावजूद विमान मुंबई हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। दो इंजन वाला एयरबस ,321 विमान एक इंजन के दम पर सुरक्षित लैंडिंग करने में कामयाब रहा।एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, मदुरै से मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई-2012 में मुंबई में उतरने से पहले तकनीकी समस्या आ गई थी। पायलट ने मुंबई में प्रायोरिटी लैंडिंग की। विमान को मुंबई में रखा गया है और आवश्यक रखरखाव के बाद यह परिचालन में वापस आ जाएगा।

# सीएम धामी ने किया राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 'मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना' का शुभारंभ

**देहरादून।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में 'मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना' का शुभारंभ किया। इस योजना से प्रदेश के 14 से 23 वर्ष के 2600 खिलाड़ी लाभान्वित होंगे। इस योजना से प्रत्येक जनपद से बालक एवं बालिका वर्ग में 100-100 खिलाड़ी लाभान्वित होंगे। प्रत्येक खिलाड़ी को प्रतिमाह 02-02 हजार रूपये की छात्रवृत्ति एवं खेल संबंधी उपकरण लेने के लिए प्रतिवर्ष 10-10 हजार रूपये प्रदान किये जायेंगे। सर्वे चौक स्थित आई.आर.डी.टी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कुछ खिलाड़ियों को दो-दो हजार रूपये का चेक प्रदान कर योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना के तहत खिलाड़ियों को चेक भी प्रदान किये। कार्यक्रम के दौरान पैरालंपिक खिलाड़ियों एवं नेशनल पावर लिफ्टिंग में गोल्ड मेडल प्राप्तकर्ता अपर पुलिस महानिदेशक श्री अमित सिन्हा को भी सम्मानित किया।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य में खेल से जुड़ी चार घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, देहरादून के खिलाडियों हेतु 200 बैड के छात्रावास का निर्माण कराया जायेगा। हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज लेलू, पिथौरागढ़ के खिलाड़ियों हेतु 50 बैड के छात्रावास का निर्माण कराया जायेगा। उत्तराखण्ड के खिलाड़ियों का दैनिक भोजन भत्ता 250 रुपए से बढ़ाकर भारतीय खेल प्राधिकरण की भांति 480 रुपए प्रतिदिन, प्रति खिलाड़ी किया जायेगा। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले उत्तराखण्ड के खिलाड़ियों को साधारण बस एवं स्लीपर रेल किराया से बढ़ाते हुए एसी बस अथवा थ्री टीयर एसी ट्रेन यात्रा की सुविधा प्रदान की जायेगी।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। उन्होंने सभी खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को बधाई देते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद के अनुकरणीय एवं शानदार खेल कौशल ने भारतीय हॉकी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। अपने खेल के दम पर उन्होंने दुनिया भर के लाखों दिलों पर राज किया। मेजर ध्यानचंद जी ने हॉकी की दुनिया में भारत को



एक अलग पहचान दिलाई। हाल ही में भारतीय हॉकी टीम ने भी चौथी बार एशियन हॉकी चैंपियन ट्राफी जीतकर एक इतिहास रचा है और भारत का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा है।

वैश्विक स्तर पर भारत को एक अलग पहचान मिली है। हमारे देश में खिलाड़ियों के सामर्थ्य का सम्मान हो रहा है। देश के जैवलिन थ्रो के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में गोल्ड मेडल जीतकर एक बार फिर से साबित कर दिया कि दुनिया में कहीं भी खेल का मैदान हो, भारत का तिरंगा शान से लहराता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भी खेलों को बढावा देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

पिछले वर्ष शुरू की गई मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना में 08 से 14 वर्ष के उभरते खिलाड़ियों को 1500 रूपये प्रतिमाह की खेल छात्रवृत्ति दी जा रही है। प्रदेश में करीब 3900 उभरते खिलाड़ियों को खेल छात्रवृत्ति दी जा रही है। राज्य में खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु नई खेल नीति लाई गई है। खिलाड़ियों को नियमानुसार त्वरित वित्तीय लाभ दिये जाने हेतु मुख्यमंत्री खेल विकास निधि की स्थापना की गयी है। खिलाड़ियों के प्रतियोगिता एवं प्रशिक्षण शिविरों में तथा यात्रा के दौरान दुर्घटना होने पर आर्थिक सहायता की व्यवस्था भी की गई है। विश्वविद्यालयों में व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु 5 प्रतिशत स्पोर्ट्स कोटा की व्यवस्था करने के लिये नियमावली बनाने जा रही है। राज्य के अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न सेवायोजन प्रदान किये जाने की व्यवस्था की जा रही है। राज्याधीन सेवाओं में सेवायोजन के लिए 4 प्रतिशत खेल कोटे को पुनः लागू किये जाने की कार्यवाही भी अंतिम चरण में है।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। खेल को केन्द्र बिन्दु में रखते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा कार्य किये जा रहे हैं। अगले वर्ष उत्तराखण्ड राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करेगा। नई खेल नीति में खिलाड़ियों के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास किये गये हैं। खिलाड़ियों के नकद पुरस्कार में भी वृद्धि की गई है।

इस अवसर पर विधायक श्री खजानदास, मेयर श्री सुनील उनियाल गामा, विशेष प्रमुख सचिव खेल श्री अभिनव कुमार, खेल निदेशक श्री जितेन्द्र कुमार सोनकर उपस्थित थे।

## उत्तरकाशी में महसूस हुए भूकंप के झटके, रिक्टर पैमाने पर 2.8 मापी गई तीव्रता

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में मंगलवार को भूकंप से धरती डोली। स्थानीय लोगों के मुताबिक शाम करीब 4 बजकर 56 मिनट पर भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.8 मापी गई। भूकंप का केंद्र जमीन से पांच किमी नीचे था।

बताया जा रहा है कि जिला मुख्यालय समेत मनेरी क्षेत्र में भूकंप का झटका महसूस किया गया। जिसमें जान माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ




हिमालयन जियोलॉजी के भूकंप विज्ञानियों की मानें तो उत्तराखंड भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील है। उत्तराखंड का ज्यादातर इलाका भूकंप के लिहाज से जोन चार और पांच में हैं। इसलिए बार-बार भूकंप की घटनाएं देखने को मिल रही हैं।

## रक्षा बंधन पर महिलाओं को सरकार का तोहफा, सस्ता हुआ गैस सिलेंडर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महंगाई से जूझ रही जनता को केंद्र सरकार ने बड़ी राहत दी है। सरकार ने मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में 200 रुपए तक की सब्सिडी का ऐलान किया है। कैबिनेट के इस फैसले से सरकार पर करीब 7500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा। नई कीमतें कल यानी 30 अगस्त से लागू होंगी।

कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि सभी उपभोक्ताओं के लिए गैस सिलेंडर के दाम 200 रुपए कम किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सरकार के इस फैसले के बाद उज्जवला योजना के लाभार्थियों को अब कुल 400 रुपए की सब्सिडी मिलेगी। बदा दें कि उज्जवला योजना के तहत लाभार्थियों को पहले से ही 200 रुपए की सब्सिडी मिलती है। इसके साथ ही सरकार ने 75 लाख महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देने की भी ऐलान किया।

## कुमेरुडांग के पास खाई में गिरा मैक्स वाहन, दो लोगों की मौके पर मौत, एक घायल



**टिहरी।** उत्तराखंड के टिहरी में मंगलवार शाम दर्दनाक हादसा हो गया। कुमेरुडांग के पास एक मैक्स वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति घायल हुआ है।

जानकारी के अनुसार, घटना शाम करीब छह बजे की है। पुलिस को जाखणीधार ब्लाक के अंजनीसैंण क्षेत्र में निरालीधार-दपोली-सुनाली मोटर मार्ग पर एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली थी।सूचना मिलते ही राजस्व, पुलिस टीम, 108 एंबुलेंस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बचाव कार्य शुरू किया गया, लेकिन तब तक दो लोगों की जान जा चुकी थी। एक घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

## अप्रैल में बिजली की दरें और होंगी मंहगी

**देहरादून।** एक अप्रैल 2024 से जो नई बिजली की दरें आम जनता पर लागू होंगी, उसमें यूपीसीएल के 1223 करोड़ के घाटे का भार भी आम जनता पर महंगी बिजली दरों के रूप में पड़ेगा। इस साल 2022-23 में यूपीसीएल 1223 करोड़ के घाटे में रहा है। इस घाटे की भरपाई अगले साल की बिजली दरों से की जाएगी। यूपीसीएल ने 2022-23 में कुल 8633 करोड़ की बिजली खरीदी। साल भर में यही बिजली 8554 करोड़ में बेची गई। इस तरह अकेले इसी खरीद और बिक्री में यूपीसीएल को 79 करोड़ का घाटा हुआ। इसके अलावा कर्मचारियों के वेतन, योजनाओं के रखरखाव पर 1200 करोड़ के करीब अलग खर्च हुए। पॉवर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को 550 करोड़ की बजाय 900 करोड़ का भुगतान करना पड़ा। केंद्रीय एजेंसियों से भी बिजली खरीद 4049 करोड़ मंजूर हुई थी। जबकि डिमांड बढ़ने पर बिजली 4637 करोड़ की लेनी पड़ी। व्यासी पॉवर प्रोजेक्ट से नौ रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदने के कारण यूजेवीएनएल को भी करीब 250 करोड़ अतिरिक्त भुगतान करना पड़ा।

बिजली के रूप में अतिरिक्त भुगतान की ये स्थिति तब पैदा हुई है, जबकि पिछले साल विद्युत नियामक आयोग ने बिजली का टैरिफ एक नहीं, बल्कि तीन तीन बार बढ़ाया। महंगी बिजली के कारण 1300 करोड़ का अतिरिक्त भार बढ़ने पर साल के बीच में ही अक्तूबर से मार्च तक अतिरिक्त बिजली दरों में इजाफा किया था। बैलेंस शीट में आए इस 1223 करोड़ के वित्तीय अंतर का बोझ भी आम जनता पर ही डाला जाएगा। इस तरह एक अप्रैल 2024 से बढ़ने वाली बिजली दरों पर इस घाटे का भार आम जनता पर पड़ेगा। एमडी यूपीसीएल अनिल कुमार ने भी कबूला कि जो भी वित्तीय अंतर इस साल आया है, उसकी भरपाई अगले साल के टैरिफ में होगी। इस पूरे अतिरिक्त खर्चे को अगले साल विद्युत नियामक आयोग को भेजे जाने वाले प्रस्ताव में जोड़ कर भेजा जाएगा।

चीन के नए नक्शे पर भारत ने जताई नाराजगी, कहा

# ऐसे कदम सीमा पर जारी तनाव के समाधान को कठिन बनाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीमा विवाद मुद्दे को लेकर कई बार मुंह की खाने के बाद भी चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है।




भारतीय सैनिकों ने चीनी सैनिकों की कई बार पिटाई की, जिसके वीडियो दुनियाभर में प्रसारित हुए। वहीं, अब चीन ने अपना नया नक्शा जारी किया है जिसमें उसने भारत के इलाकों को अपने क्षेत्र में दिखाया है। उसकी इस हरकत पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए चीन के सभी दावों को खारिज कर दिया है।

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हमने आज चीन के तथाकथित 2023 मानक मानचित्र पर चीनी पक्ष के साथ राजनयिक चैनलों के माध्यम से कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

मानचित्र में भारत के जिन क्षेत्र पर दावा किया गया है, हम इन दावों को खारिज करते हैं क्योंकि इनका कोई आधार नहीं है। चीनी पक्ष के ऐसे कदम केवल सीमा मुद्दे के समाधान को जटिल बनाएंगे।

वहीं, चीन की इस हरकत को लेकर विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने कड़ी प्रतिक्रिया है। उन्होंने कहा कि चीन ऐसे बेतुके दावे करता रहता है, ऐसा करना उसकी पुरानी आदत है। आगे बोले कि बेतुके दावे करने से दूसरों का क्षेत्र आपका नहीं हो जाता। अपने आधिकारिक नक्शे में अन्य देशों के क्षेत्रों को शामिल करने का कोई मतलब नहीं है। केवल भारत के कुछ हिस्सों के साथ नक्शा जारी करने से कुछ भी नहीं बदलेगा। हमारी सरकार इस बारे में बहुत स्पष्ट है कि हमें अपने क्षेत्र में क्या करना है।

चीन ने अपने मानक मानिचत्र का नया संस्करण जारी किया है।

चीन द्वारा मानचित्र जारी करते ही विवाद खड़ा हो गया। दरअसल, चीन ने भारत के अरुणाचल प्रदेश, अक्साई चीन, ताइवान और दक्षिण चीन सागर को अपने क्षेत्र में दिखाया। भारत ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का अभिन्न अंग रहा है और हमेशा रहेगा।

चीन का यह दावा, हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग की दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात के बाद आया है। जिस पर विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा था कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अपनी बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-चीन सीमा क्षेत्रों के पश्चिमी क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अनसुलझे मुद्दों पर भारत की चिंताओं पर चर्चा की।

## चंद्रयान-3 से उम्मीदें: रोवर को ऑक्सीजन की मौजूदगी के प्रमाण मिले, सल्फर भी मौजूद, हाइड्रोजन की खोज जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चंद्रयान-3 रोवर ने चांद की सतह पर ऑक्सीजन की पुष्टि की है। इसके अलावा चंद्रमा की सतह पर एल्युमीनियम , सल्फर , कैल्शियम , आयरन , क्रोमियम और टाइटेनियमकी मौजूदगी का भी का खुलासा हुआ है।

चांद की सतह पर मैंगनीज और सिलिकॉन की उपस्थिति का भी पता चला है। क्रफ्द के मुताबिक, हाइड्रोजन की मौजूदगी के संबंध में गहन जांच चल रही है।दरअसल, रोवर पर लगे लेजरयुक्त ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोपी (एलआईबीएस) उपकरण ने दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्र सतह की मौलिक संरचना पर पहली बार इन-सीटू मूल्यांकन किया। एलआईबीएस एक वैज्ञानिक तकनीक है, जो सामग्रियों को तीव्र लेजर पल्स के संपर्क में लाकर उनकी संरचना का विश्लेषण करती है। एलआईबीएस पेलोड को इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स सिस्टम (एलईओएस) इसरो, बेंगलुरु की प्रयोगशाला में विकसित किया गया है।

# अन्नकूट मेले के लिए 15 कुंतल फूलों से सजा केदारनाथ धाम, बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

**रुद्रप्रयाग।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर केदारनाथ में परंपरानुसार भतूज(अन्नकूट) मेले का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए मंदिर को 15 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। मंगलवार आधी रात से केदारनाथ में मेला शुरू होगा। इस दौरान पूरी रात श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर श्रृंगार करेंगे। बुधवार सुबह स्वयंभू लिंग से श्रृंगार सामग्री उतारकर मंदाकिनी नदी में प्रवाहित की जाएगी।

मेले के अवसर पर भगवान के स्वयंभू लिंग को नए धान के चावलों के पके भोग के लेप और मोटे अनाज के लेप से ढका जाता है। साथ ही भव्य श्रृंगार किया



जाता है। इसके बाद रातभर मंदिर के कपाट खुले रहते हैं। इस अवसर पर केदारनाथ में हक-हकूकधारी अपने आराध्य को चावल का भोग सहित अन्य खाद्य सामग्री अर्पित करते हैं।

मान्यता है कि नए अनाज और पके चावलों के भोग को स्वयंभू शिवलिंग पर चढ़ाने से सभी अन्न प्रजाति से विष का खत्म हो जाता है। इधर, बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय और सीईओ योगेंद्र सिंह ने सभी शिव भक्तों को अन्नकूट मेला व रक्षाबंधन के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी। मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि मेले के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु व हक-हकूकधारी केदारनाथ पहुंच गए हैं।

बारिश कम होते ही केदारनाथ में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी है। बीते एक सप्ताह से प्रतिदिन 1000 से 1500 श्रद्धालु बाबा के दर्शनों को धाम पहुंच रहे हैं जिससे बाजारों, पैदल मार्ग से लेकर धाम तक व्यापारिक गतिविधियां भी बढ़ने लगी है।

जुलाई से बारिश के कारण यात्रियों की संख्या कम हो गई थी लेकिन बारिश कम होते ही यात्री बढ़ने लग गए हैं। गौरीकुंड के व्यापार संघ अध्यक्ष रामचंद्र गोस्वामी ने बताया कि बीते एक सप्ताह से यात्रियों की संख्या बढ़ रही है जिससे पुनः बुकिंग मिलने लगी है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सीईओ योगेंद्र सिंह ने बताया कि धाम में पहुंच रहे शिव भक्तों को गर्भगृह से दर्शन कराए जा रहे हैं। बरसात कम होने के साथ ही अब यात्रियों की संख्या में इजाफा होने लगा है।

## मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की बधाई

**देहरादून।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि रक्षाबंधन महिलाओं के प्रति सम्मान और विश्वास का पर्व है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के पारस्परिक प्रेम, स्नेह व विश्वास का भी प्रतीक है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सांस्कृतिक एवं पौराणिक महत्व का यह पर्व कर्तव्य, आत्मीयता, त्याग, सामाजिक एकता व सद्भाव की भावना को भी बढावा देने वाला है। भाई बहन के पवित्र रिस्ते, आत्मीयता एवं आपसी स्नेह से जुडा यह पर्व सभी के जीवन में हर्ष और उल्लास का संचार करे इसकी भी सीएम ने कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक प्रगति के लिए संकल्पबद्ध होकर सभी क्षेत्रों में समान अवसर उपलब्ध करा रही है। आज हमारी नारीशक्ति अपने कार्यों और आत्मविश्वास से स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

# बदरीनाथ में पुनर्निर्माण कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

### डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण, प्राथमिकता से कार्य पूरा करने को कहा



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट बद्रीनाथ मास्टर प्लान के तहत संचालित पुनर्निर्माण कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। इस वर्ष आखिर तक अधिकांश कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है।

शासन-प्रशासन द्वारा लगातार पुनर्निर्माण कार्यों की निगरानी की जा रही है। स्मार्ट स्प्रिचुअल हिल टाउन बनने से बद्रीनाथ आने वाले श्रद्धालुओं को और भी आध्यात्मिक व दिव्य अनुभूति मिलेगी।जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को बद्रीनाथ धाम में प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट बदरीनाथ मास्टर प्लान के अन्तर्गत संचालित पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि कि मास्टर प्लान के कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता पर पूरा किया जाए। बद्रीनाथ महायोजना के अंतर्गत रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, सिविक एमिनिटी सेंटर, आईएसबीटी, लेक फ्रंट, अराइवल प्लाजा एवं हॉस्पिटल एक्सटेंशन कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा किया जाए। रिवर फ्रंट में दीवार निर्माण, बैकफिलिंग और हॉस्पिटल व आईएसबीटी में अवशेष कार्यों को शीघ्र पूरा करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने महायोजना के सभी निर्माण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्थाओं ने निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी दी। इस दौरान लोनिवि के अधीक्षण अभियंता राजीव शर्मा, अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, एसडीएम कुमकुम जोशी, पीआईयू के अधिशासी अभियंता विपुल सैनी, सहायक अभियंता जीतेन्द्र कुमार, तहसीलदार रवि शाह, राजस्व उप निरीक्षक देवेन्द्र नेगी, ईओ सुनील पुरोहित सहित कार्यदायी संस्थाओं के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### कर्मचारियों ने ली फिट इंडिया की शपथ

टिहरी : टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अधिशासी निदेशक (ईडी) ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर परियोजना के कर्मचारियों को फिट इंडिया की शपथ दिलाई। कहा कि शरीर और मस्तिक को स्वास्थ्य रखने के लिये जीवन में खेल जरुरी है।

मंगलवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर भागीरथी पुरम में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अधिशसी निदेशक एलपी जोशी ने परियोजना के अधिकारियों और कर्मचारियों को फिट इंडिया की शपथ दिलाते हुये, कहा कि स्वंय के साथ अपने परिवार, दोस्तों, आसपास के लोगों को फिट एंव स्वस्थ्य रखने के लिये प्रेरित किया जाना चाहिए। कहा आजकल की भागदौड़ भरी जिदंगी में अपने लिये जरुर समय निकाले, ताकि शरीर स्वस्थ रहे। शरीर स्वस्थ रहेगा तो बीमारियां भी दूर होगी, मन मस्तिक काम में लगेगा।

# मुख्यमंत्री ने किया बाजपुर में बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण



देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को भारी वर्षा के दौरान बाजपुर में लेबड़ा नदी से हुये नुकसान का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व गणमान्य व्यक्तियों से बाढ़ से हुई क्षति तथा उसके कारणों के स्थाई समाधान के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने बाजपुर की बाढ़ की समस्या के स्थाई समाधान हेतु मण्डलायुक्त दीपक रावत से दूरभाष पर वार्ता करते हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने मण्डलायुक्त को जनपद नैनीताल तथा ऊधमसिंह नगर के अधिकारियों के साथ आपसी समन्वय एवं तालमेल से संयुक्त निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन व सिंचाई विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिए कि जब तक स्थाई समाधान नहीं हो जाता तब तक के लिए अस्थाई बाढ़ सुरक्षा कार्य करा लिये जायें। ताकि अगली बरसात में क्षेत्रवासियों को इस प्रकार की समस्या से न जूझना पड़े। उन्होंने बाढ़ से निजात हेतु राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अंतर्गत तात्कालिक कार्य कराने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए। इस अवसर पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, पूर्व विधायक डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार, आईजी नीलेश आनन्द भरणे, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेसियों ने सरकार को दिखाया आईना, सड़कों के गड्ढों को भरा

टिहरी : कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय लोगों ने नगर पालिका क्षेत्र बौराड़ी की सड़कों पर पड़े गड्ढों को मिट्टी पत्थरों से भारा।

उन्होंने कहा कि नगर की आंतरिक सड़कों की स्थिति खस्ताहाल है, लेकिन कोई सुध लेने को तैयार नहीं है। मंगलवार को कांग्रेस शहरध्यक्ष कुलदीप पंवार के नेतृत्व में कांग्रेसियों और स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन और नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन करते हुये, पालिका क्षेत्र के सेक्टर 5ए तथा 9बी की सड़कों पर बने गड्ढों को मिट्टी पत्थरों से भरा। शहरध्यक्ष ने कहा यदि शासन प्रशासन जल्द नगर की खस्ताहाल सड़कों की स्थिति को नहीं सुधारता है, तो आगामी दिनों में गड्ढों में पौधे रोपण अभियान चलाकर जनप्रतिनिधियों का घेराव भी किया जाएगा।

कांग्रेस प्रदेश महासचिव विजय गुनसोला ने कहा सड़कों पर जगह जगह गड्ढें होने के कारण दुपहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं।

कहा कि पूर्व में पालिका और प्रशासन को स्थानीय लोगों को द्वारा कई बार नगर की आंतरिक सड़कों को ठीक करने की गुहार लगाई, लेकिन सड़कों की मरम्मत नहीं हो पाई। बताया आगे भी अभियान जारी रहेगा। मौके पर देवेंद्र नौडियाल,मुशर्रफ अली, दर्शनी रावत, रेनू पंवार, निहाल सिंह नेगी, मान सिंह रौतेला, बलबीर कोहली, महेन्द्र रावत, विनोद रावत, वीरेंद्र दत्त, दिनेश पंवार, वीर सिंह गुनसोला, मनीष पंत, प्रवीन, दिनेश शाह, सरिता चौहान, पार्वती नेगी, मीना चौहान, ,प्रियंका नंदलाल, रीना रावत, रीना कोहली, लक्ष्मी देवी, रोशनी रावत, संगीता देवी, देवकी देवी, मंजू रावत, राशिका राणा, गोदावरी देवी, उषा गोदियाल, गीता चमोली, मरजीना, सविता पंवार, रीना, रजनी देवी, मनीषा गुसाई सहित भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे। (एजेंसी)

### शिक्षकों ने सीखें आपदा से बचाव के गुर

उत्तरकाशी : राज्य में प्राकृतिक तथा मानव जनित आपदा से निपटने के लिए 15वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की रेस्क्यू टीम ने बीआरसी डुंडा में खण्ड शिक्षा अधिकारी हर्षा रावत की मौजूदगी में शिक्षक शिक्षिकाओं को आपदा संबंधी प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण का नेतृत्व सेनानी सुदेश कुमार दराल कर रहे हैं। इस दौरान टीम की ओर से जिले के कई स्कूलों गांव और समुदाय में आपदा के प्रति जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम भी किए जाएंगे।

मौजूदा समय में कई स्कूलों में स्कूल सेफ्टी कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य संभावित आपदा से निपटने की पूर्व तैयारी है।

# मुख्यमंत्री से किसानों के प्रतिनिधि मण्डल ने की भेंट



देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को बाजपुर में सिंचाई विभाग के अतिथिगृह में भूमि बचाओ आन्दोलन से जुड़े किसानों के प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल ने बाजपुर के 20 गाँवों की 5838 एकड़ भूमि पर मालिकाना हक दिये जाने की माँग मुख्यमंत्री से की।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिनिधिमण्डल को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार जटिल से जटिल समस्याओं के निस्तारण हेतु सरलीकरण, समाधान एवं निस्तारण के मंत्र पर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि बाजपुर की भूमि समस्या के स्थाई समाधान हेतु सकारात्मक दिशा में कार्यवाही की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि समस्याओं के निस्तारण में कुछ समय अवश्य लग रहा है परन्तु उसके निस्तारण में सकारात्मक सोच के साथ कार्य किया जायेगा।

प्रतिनिधिमण्डल में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा, निरंजन दास गोयल, जगतार सिंह बाजवा, रजनीत सिंह 'सोनू', कुलवीर सिंह, सुशील सिंगला आदि शामिल थे।

## एक नजर

### बागेश्वर उपचुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग– कांग्रेस

देहरादून। कांग्रेस ने भाजपा पर बागेश्वर उपचुनाव में सरकारी मशीनी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वहां कांग्रेस नेताओं को प्रताड़ित करते हुए, प्रचार से रोका जा रहा है।

मंगलवार को कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में गरिमा मेहरा दसोनी ने कहा की बागेश्वर उपचुनाव में कांग्रेस की मजबूत स्थिति को देखते हुए, भाजपा सरकारी मशीनरी के दुरपयोग करने पर उतर आई है। दसौनी ने कहा कि बागेश्वर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के वाहनों का चालान किया जा रहा है, बैनर और पोस्टर लगने के आधे घंटे बाद ही फाड़ दिए जा रहे हैं, यदि कोई कार्यकर्ता प्राइवेट गाड़ी में भी गले में पट्टा डाले नजर आता है तो उसे तंग किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इसी क्रम में युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष भीम कुमार और भुवन फर्सवाण को बिना किसी अपराध के धारा शांति भंग का नोटिस दिया गया है। जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं को हर तरह की छूट दी जा रही है। दसौनी ने कहा कि ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों को भी डराया धमकाया जा रहा है।

### किसानों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील

उत्तरकाशी : विकास भवन लदाड़ी में कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया। मिलेट मिशन योजना के आयोजित विकासखंड स्तरीय कृषि गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख भटवाड़ी विनीता रावत ने किसानों को विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कृषकों को संबोधित करते हुए प्रमुख विनीता रावत ने मिलेट योजना से किसानों को लाभान्वित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज सरकार ने मोटे अनाज और मंडुवा की फसलों को उत्तराखंड की नहीं अपितु पूरे भारत में लोगों के बीच पहचान दिलाने का काम किया है। सरकार द्वारा चलाई जारी जनहित योजनाओं को कृषि विभाग हर कृषक तक पहुंचा रहा है।

# डीएम ने की टोंगियो ग्राम को राजस्व ग्राम बनाये जाने के सम्बन्ध में बैठक



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में तहसील डोईवाला अन्तर्गत टोंगियो ग्राम को राजस्व ग्राम बनाये जाने के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने विकासखण्ड खण्ड डोईवाला के टोंगिया ग्राम को राजस्व ग्राम बनाये जाने हेतु गठित उपखण्ड स्तरीय समिति को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा राजस्व विभाग की टीमों का गांव में सर्वे कर रिपोर्ट समिति के सम्मुख रखने के निर्देश दिए। तहसील डोईवाला अन्तर्गत टोंगियों गावं/ग्राम सत्तीवाला, दलीपनगर, बालक्करी एवं चांडी को राजस्व ग्राम बनाये जाने के सम्बन्ध में उप खण्ड स्तरीय वनाधिकार समिति तहसील डोईवाला की ओर से प्रस्ताव दिया गया है, जिसके क्रम में जिलाधिकारी ने प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं समिति क सदस्यों को समन्वय करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### दून इंटरनेशनल स्कूल ने जीता बास्केटबॉल का खिताब

देहरादून। खेल विभाग की ओर से आयोजित जनपद स्तरीय बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता के बालक और बालिका वर्ग का फाइनल दून इंटरनेशनल स्कूल ने अपने नाम किया। इंटर स्कूल बालिका हॉकी में सेंट एग्निस स्कूल विजयी रहा। परेड ग्राउंड में मंगलवार को बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल खेले गए। बालिका वर्ग के फाइनल में दून इंटरनेशनल स्कूल और केवी आईटीबीपी मैदान में उतरे। इसमें दून इंटरनेशनल ने 36–55 के अंतर से जीत दर्ज की। बालक वर्ग के फाइनल में दून इंटरनेशनल ने केवी आईटीबीपी को 44–30 के अंतर से हराया। उधर, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में ओपन हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलज और आईडीपीएल ऋषिकेश के बीच खेला गया। इसमें स्पोर्ट्स कॉलेज 7–3 से जीता। स्पोर्ट्स कॉलेज के निए नवीन ने तीन, सूरज ने दो, अर्पित और महेंद्र ने एक–एक गोल किया।

# अंगदान–देहदान से दें दूसरों को जीवनदान

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज में देहरादून एवं मसूरी के रोटरी क्लबों की ओर से अंगदान एवं देहदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ एचएनबी मेडिकल विवि के कुलपति प्रो. हेमचंद्र पांडेय और मेडिकल कॉलेज के एनॉटमी विभाग के एचओडी प्रो. एमके पंत ने किया। प्रो.हेमचंद्र पांडेय ने कहा कि अंगदान और देहदान से दूसरे व्यक्तियों को जीवनदान देने का पुण्य कार्य कर सकते हैं। प्रो. पंत ने कहा कि कॉलेजों में केडेवर की कमी से छात्रों के शोध कार्य प्रभावित होते हैं। इसीलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों से संकल्प पत्र भरवाए जाएं और उन्हें प्रोत्साहित किया जाएं। उन्होंने दधिचि देहदान समिति का कई पार्थिव शरीर दान कराने को आभार जताया। इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे दिल्ली से आए राजेश मित्तल ने भी लोगों को देहदान का महत्व बताया। छात्र–छात्राओं ने नुक्कड नाटक के माध्यम से अंगदान एवं देहदान के बारे में लोगों को जागरूक किया। वहीं दधिचि देहदान समिति की ओर से देहदान करने वालों के परिजनों को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रेम भल्ला, राकेश अग्रवाल, सुशांत आहूजा, रमन वोहरा, प्रियंका वोहरा, ले. कर्नल मनोज गुप्ता (रि.), जगत भूषण बत्रा, डॉ. तरुण भाटिया, दिव्येश गर्ग, मनीष डोरा, फिरोज अली, अतुल कुमार आदि मौजूद रहे।

### सोसाइटी गठन के खिलाफ ईएसआई कर्मचारियों का विरोध शुरू

देहरादून। कर्मचारी राज्य बीमा योजना संयुक्त संघ ने सोसाइटी गठन का विरोध शुरू कर दिया है। प्रदेश भर में कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर विरोध जताया। आंदोलन के दूसरे चरण में कर्मचारी प्रदेश भर में कार्य बहिष्कार शुरू करेंगे। कर्मचारियों ने शासन पर सोसाइटी गठन के नाम पर कर्मचारियों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। देहरादून, हरिद्वार, यूएसनगर से लेकर अन्य जिलों में सांकेतिक विरोध जताया गया। अध्यक्ष डा. पूनम वर्मा ने कहा कि कर्मचारी सिर्फ अपने अधिकार, भविष्य सुरक्षित करने पर जोर दे रहे हैं।

कोई भी ऐसा कदम न उठाया जाए, जिससे कर्मचारियों के हित प्रभावित हों। कर्मचारी सोसाइटी गठन को लेकर दूसरे राज्यों में विफल हुए प्रयोगों को लेकर चिंतित हैं। किसी भी स्तर से सोसाइटी को लेकर असल तस्वीर साफ नहीं की जा रही है। ये नहीं बताया जा रहा है कि विभाग और सोसाइटी साथ साथ काम करेंगे या विभाग समाप्त किया जा रहा है। महासचिव बरकत अली ने कहा कि अभी पहले चरण में सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। दूसरे चरण में एक घंटे और बाद में अधिक समय का कार्यबहिष्कार किया जाएगा। इससे आम जन को किसी भी तरह के होने वाले नुकसान के लिए सीधे तौर पर शासन में बैठे अफसर जिम्मेदार रहेंगे।

### एसजीआरआर विवि में छात्र परिषद का गठन

देहरादून। श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के लिए छात्र परिषद का विधिवत गठन हो गया है। जिसमें अध्यक्ष अपर्ण मौर्य के अलावा सचिव, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष समेत कुल 8 पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। विवि के 11 स्कूलों के करीब 100 प्रतिनिधियों की चुनाव प्रक्रिया के बाद छात्र परिषद गठित की गई। कुलाधिपति श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज ने छात्र परिषद के सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामना दी हैं। कुलपति प्रो. यशवीर दिवान ने कहा कि छात्र परिषद का सांस्कृतिक,सामाजिक गतिविधियों के अलावा छात्रों के बीच जन–जागरुकता फैलाने के दृष्टिगत महत्वपूर्ण योगदान रहता है। कुलसचिव डा. अजय कुमार खंडूरी ने कहा कि छात्र परिषद छात्रों व विवि प्रशासन के बीच सेतू का कार्य करती है।

# ज्योति ग्रामोद्योग संस्थान के अध्यक्ष अजय कुमार सैनी ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में ज्योति ग्रामोद्योग संस्थान के अध्यक्ष अजय कुमार सैनी ने शिष्टाचार भेंट की। श्री सैनी ने राज्यपाल को ग्रामोद्योग संस्थान द्वारा शहद उत्पादन की नई तकनीक के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा मौन पालन की नई विधि/तकनीक को विकसित किया है जिसे जल्द ही पेटेंट किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने मौन पालन और शहद उत्पादन के क्षेत्र में किए जा रहे नवीन प्रयोगों और तकनीकों के लिए संस्थान की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मौन पालन से भूमिहीन किसानों की आर्थिकी में बेहतर सुधार किया जा सकता है और यहां मौन पालन की काफी अच्छी संभावनाएं हैं। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में उत्पादित होने वाले शहद में अनेक औषधीय गुण विद्यमान है इसकी देश एवं विदेशों में अच्छी–खासी मांग भी है। हमें मौन पालन को अधिक से अधिक बढ़ावा देने की जरूरत है।

# स्व. योगराज पासी के निधन पर शोक व्यक्त किया



देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को पूर्व सांसद बलराज पासी के आवास पर जाकर उनके पिता एवं लोकतंत्र सेनानी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, स्व. योगराज पासी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शान्ति तथा शोकाकुल परिजनों को धैर्य प्रदान करने की कामना की। मुख्यमंत्री ने स्व. योगराज पासी के निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सामाजिक कार्यकर्ता स्व. भारत भूषण के निधन पर भी शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने उनके आवास पर जाकर उनके परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने भाजपा नेता श्री गौरव शर्मा के आवास पर जाकर उनकी दादी के निधन पर भी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को इस दारूण दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक अरविन्द पाण्डेय, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, दिनेशपुर चेयरमैन सीमा सरकार, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार, स. मेजर सिंह, जिला पंचायत सदस्य हरजसपाल सिंह 'हैरी', सुशील सिंगला, पूरन जोशी, अनन्त जैन, आदि उपस्थित थे।

### शराब कारोबारियों को बचाया तो ग्रामीणों की दुकानों को क्यूं नहीं? : गोदियाल

देहरादून। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने पहाड़ी जिलों में सड़क किनारे वाले निर्माणों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। गोदियाल ने कहा है कि सरकार जब शराब कारोबारियों की दुकानों को बचाने के लिए सड़कों का दर्जा बदल सकती है तो, पहाड़ में आजीविका कमा रहे लोगों की दुकानें और घरों को बचाने के लिए क्यूं उपाय नहीं किए जा रहे हैं। गोदियाल ने एक बयान में कहा कि पहाड़ी क्षेत्र के लोग पीढ़ियों से सड़कों के किनारे छोटे–मोटे व्यवसाय कर अपनी अजीविका चलाते आए हैं, आज तक किसी भी सरकार ने उन्हें अतिक्रमणकारी नहीं माना, लेकिन अब कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए लोगों के घर– दुकान तोड़े जा रहे हैं।

# उपनल, एसएचजी कर्मियों ने मांगा समान काम का समान वेतन

देहरादून। ऊर्जा के तीनों निगमों के उपनल और स्वयं सहायता समूह के कर्मचारियों ने समान काम का समान वेतन देने की मांग तेज कर दी है। जल्द हाईकोर्ट का आदेश लागू न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। कर्मचारियों ने उपनल कर्मियों को महंगाई भत्ता का लाभ देने का आदेश स्थगित किए जाने का भी विरोध किया। ईसी रोड स्थित ऊर्जा भवन में हुई बैठक में तय हुआ कि समान काम का समान वेतन देने की मांग को लेकर 27 सितंबर से तीनों निगम मुख्यालय पर सत्याग्रह आंदोलन शुरू होगा। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि 17 साल से आउटसोर्स कर्मचारी हर विपरीत परिस्थिति में मैनेजमेंट के साथ खड़े हैं। उपनल कर्मचारी और स्वयं सहायता समूह कर्मचारियों ने आठ बिंदुओं से जुड़ा मांग पत्र तीनों निगमों को दे दिया है। यदि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक विनय प्रसाद, विपिन नेगी ने कहा कि कर्मचारियों को लाभ पहुंचाने वाले आदेश लागू नहीं हो रहे हैं। इन वर्षों में कई उपनल और एसएचजी कर्मचारी दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं।

## कबड्डी प्रतियोगिता में जशोधरपुर रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर विद्या भारती से संबद्ध संकुल विद्यालयों की विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस दौरान कबड्डी में जशोधरपुर का दबदबा देखने को मिला।

हेमनदास सरस्वती शिशु मंदिर जानकीनगर के प्रांगण में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संकुल प्रमुख निर्मल कुमार केमनी ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने ध्यानचंद की जीवनी के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। इसके उपरांत बालक जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में जशोधरपुर ने दुगड्डा को हराया। सौ मीटर लंबी दौड़ में जूनियर बालक वर्ग में जशोधरपुर के पंकज ने प्रथम, डाडामंडी के अभिषेक ने द्वितीय व काशीरामपुर तल्ला के विनय ने तृतीय स्थान पाया। बालिका वर्ग में जशोधरपुर की सुमन, काशीरामपुर की महक व देवरामपुर की सुमन ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाया। बौद्धिक प्रतियोगिता शिशु वर्ग में जशोधरपुर की कृतिका व काशीरामपुर की पूजा प्रथम रही। विज्ञान माडल में जानकीनगर की एंजल अव्व्ल रही। इस मौके पर रणवीर लाल, वीरेंद्र, योगेश, मनोज जोशी, जसपाल आदि मौजूद रहे।

# सजा राखी का बाजार, पांच से दस रुपये तक हुई महंगी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : रक्षा बंधन के त्योहार को लेकर कोटद्वार बाजार पूरी तरह सज चुका है। लेकिन, इस वर्ष गत वर्ष के मुकाबले राखी के दाम पांच से दस रुपये तक बढ़ गए हैं। बाजार में बच्चों से लेकर बड़ों के लिए विभिन्न प्रकार की राखियां उपलब्ध हैं।

भाई की कलाई पर राखी बांधने को लेकर बहनों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। यही कारण है कि कोटद्वार बाजार में राखी खरीदने वाली बहनों की भीड़ उमड़ रही है।

बाजार में कई प्रकार की राखियां मिल रही है। लेकिन, स्वदेश में निर्मित राखी की डोर बहनों को काफी पसंद आ रही है।

वहीं, इस वर्ष राखी के दामों में कुछ बढ़ोत्तरी भी देखने को मिल रही है।

आमतौर पर बाजार में चीनी राखियों का ही कब्जा था। लेकिन, इस वर्ष बाजार स्वदेशी राखियों से गुलजार है। स्वदेशी राखियां हर वर्ग की पसंद बनी हैं और इनकी जमकर खरीदारी हो रही है। बाजार में 10 रुपये से लेकर 300 रुपये तक राखियां बिक रही हैं।

### नन्हें बच्चों के लिए मनमोहक राखी

बाजार में बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर की राखियां भी उपलब्ध है। नन्हें बच्चों के लिए बहने इन राखियों को खूब खरीद रही है। वहीं, बड़ों के लिए भी फूलपत्ता, ओंकार, स्वास्तिक और रेशम के धागे, स्टोन की राखियां उपलब्ध हैं। रेशमी धागों के साथ-साथ अब स्टोन वाली राखी, मोतियों की राखी दुकानों में सजी है। नन्ही बच्चों को लुभाने के लिए बाल गणेश, छोटा भीम, मिक्की माउस, डोनाल्ड डक और अन्य कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां भी दुकानों में सजी हुई हैं।



रक्षा बंधन के मद्देनजर कोटद्वार के झंडाचौक में सजी राखियों की दुकान

# कांग्रेस ने खिलाड़ी व शिक्षकों को किया सम्मानित

### हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचद के योगदान को किया याद



कोटद्वार में खिलाड़ियों को सम्मानित करते कांग्रेस कार्यकर्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर उदीयमान खिलाड़ी व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मेजर ध्यानचंद के योगदान को भी याद किया।

पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि विश्वपटल पर भारतीय हाकी को स्वर्णिम सफलता दिलाने में मेजर ध्यानचंद की अहम भूमिका रही है। ओलंपिक सहित अन्य खेलों के विश्व आयोजनों में उन्होंने भारत को आठ स्वर्ण पदक सहित कुल ग्यारह पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हाकी में देश को अभूतपूर्व सफलताएं दिलाने पर तत्कालीन सरकार ने उनके जन्म दिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। मौके पर प्रदेश सरकार की ओर से खेल छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले क्षेत्र के उदीयमान खिलाड़ियों सोनाली, कुशाग्र रावत और अभिनव सिंह असवाल को ट्राफी व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही छात्रों को खेलों के लिए प्रोत्साहित करने पर शारीरिक शिक्षक सुरेश सिंह और सतपाल असवाल को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत, जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रश्मि पटवाल, महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुधा असवाल, ओम प्रकाश कोटला, रंजना रावत, अमितराज सिंह, रूपेंद्र सिंह और गुड्डू चौहान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अंकिता के नाम पर नर्सिंग कॉलेज का नामकरण किया जाए

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : अंकिता भंडारी के नाम पर नर्सिंग कॉलेज पौड़ी का नाम पर रखने की मांग एक उसके परिजनों ने उठाई है। मंगलवार को अंकिता के पिता वीरेंद्र भंडारी ने डीएम डॉ. आशीष चौहान को ज्ञापन भी सौंपा। मंगलवार को अंकिता भंडारी के पिता जिला मुख्यालय पौड़ी पहुंचे। यहां पर उन्होंने डीएम कार्यालय में डीएम डॉ. आशीष चौहान से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी अंकिता की हत्या को एक साल का समय बीतने वाला है। अंकिता भंडारी के नाम पर पौड़ी के डोभ-श्रीकोट नर्सिंग कॉलेज का नाम रखने की मांग कर रहे हैं। लेकिन अभी तक इस ओर सरकार की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया है। कहा कि 12 सितंबर तक नर्सिंग कॉलेज का कॉलेज का नाम अंकिता भंडारी नाम पर नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# स्टेडियम ट्रेनिज ने जीती हॉकी प्रतियोगिता

**कोटद्वार** : खेल दिवस पर शशिधर भट्ट स्टेडियम कोटद्वार में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पहला मुकाबला स्टेडियम ट्रेनिज ने राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार को हराकर अपने नाम किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

मंगलवार को राजकीय स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस क्षेत्राधिकारी विभव सैनी ने किया। उन्होंने युवाओं को जीवन में खेल के महत्व के बारे में बताया। कहा कि मेजर ध्यानचंद ने हॉकी के क्षेत्र में पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया। युवाओं को भी अपने भीतर छिपी प्रतिभा को उजागर करना होगा। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार व स्टेडियम ट्रेनीज के मध्य खेला गया, जिसमें स्टेडियम ट्रेनीज ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार को 5-0 से हरा दिया। द्वितीय मुकाबला जय भारती पब्लिक स्कूल व मिनी स्टेडियम मोटाढांक के बीच खेला गया, जिसमें जय भारती पब्लिक स्कूल ने 4-0 से जीत दर्ज की। ओपन बालिका वर्ग का प्रथम मुकाबला राजकीय बालिका इंटर कालेज (ब) व इंटर कालेज मोटाढांक के बीच खेला गया, जिसमें राजकीय इंटर कालेज (ब) ने 1-0 से जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला राजकीय इंटर कालेज (अ) व मिनी स्टेडियम मोटाढांक के ट्रेनीज के बीच खेला गया, जिसमें मिनी स्टेडियम ट्रेनीज ने 1-0 से जीत दर्ज की। तृतीय मुकाबला स्टेडियम ट्रेनीज व राजकीय बालिका इंटर कालेज (ब) के मध्य खेला गया, जिसमें स्टेडियम ट्रेनीज ने 4-0 से मैच अपने नाम किया। प्रतियोगिता में दीपक नेगी, विनोद पंत, नीरज रावत, तेजेंद्र रावत, अहमद, शोएब अली ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस मौके पर संदीप डुकलान, महेश्वर सिंह नेगी, श्याम सिंह डांगी, अनीता बिष्ट, मान सिंह थापा, मनोज नेगी, बालम रावत, विक्रम नेगी महेंद्र रावत मौजूद रहे।

# बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए युद्धस्तर पर होगा कार्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : महापौर हेमलता नेगी ने आपदा प्रभावितों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में युद्धस्तर पर निर्माण कार्य करवाने का आश्वासन दिया है। कहा कि इसके लिए नगर निगम पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है।

मंगलवार को नगर निगम महापौर हेमलता नेगी और पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने ग्रास्टनगंज में बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया। ग्रास्टनगंज में खोह नदी की सुरक्षा दीवार टूटने से पेयजल नलकूप को खतरा पैदा हो गया है साथ ही नदी का रुख भी गांव की तरफ हो गया है, जिससे ग्रास्टनगंज, रतनपुर व कुंभीचौड़ को खतरा पैदा हो गया है। मौके पर उन्होंने नगर निगम की ओर से आपदा पीड़ितों को हर संभव मदद उपलब्ध करवाने की बात कही। कहा कि किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी न पहुंचने के कारण फसल सूखकर बर्बाद होने के कगार पर है, क्योंकि 13-14 जुलाई को आई बाढ़ के कारण नहरों में मलवा भरा हुआ है। मलबे को अविलंब साफ किया जाना चाहिए। घटिया निर्माण के कारण करोड़ों रुपये की लागत से बनी दीवार बहने से पूरा क्षेत्र खतरे की जद में आ गया है, जिसका शीघ्र निर्माण किया जाना आवश्यक है। इस दौरान पार्षद हरीश नेगी, अजय बौखंडी, रणवीर सिंह, राजेंद्र सिंह रावत, सुरेश सिंह, धनवीर सिंह भारती, जयदीप कुमार, रघुवीर सिंह और नरेश चंद्र जोशी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे



बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करती महापौर हेमला नेगी व पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी

# पोस्टर में गौरव, स्लोगन प्रतियोगिता में पायल रही अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कृमि मुक्ति दिवस पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान पोस्टर में गौरव व स्लोगन प्रतियोगिता में पायल ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। इस दौरान विद्यार्थियों को कृमि संक्रमण को रोकने के उपाय बताए गए।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने किया। प्राचार्य ने समस्त रोवर्स/रेंजर्स एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को अपने आसपास सफाई रखने के प्रति जागरूक किया। रोवर्स प्रभारी डा. जुनीष कुमार ने छात्र-छात्राओं को कृमि संक्रमण को रोकने के उपायों से अवगत कराया। रोजर्स प्रभारी डॉ. सुषमा भट्ट थलेडी ने रोवर्स/रेंजर्स को फलों एवं सब्जियों को धोकर खाने की सलाह दी। साथ ही समय-समय पर हाथ धोने के प्रति भी जागरूक किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गौरव, द्वितीय स्थान पायल तथा तृतीय स्थान सोनाली पंत एवं बादल सिंह चौधरी एवं शिवानी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इसी क्रम में स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पायल, द्वितीय स्थान शिवानी तथा तृतीय स्थान पूर्णिमा ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में रोवर्स रेंजर्स समिति से डॉ. जुनीष कुमार, डॉ. सुरभि मिश्रा, डॉ. अरूणिमा, डा. मुरलीधर कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व शिक्षक

## चौपाल में सचिव ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**पौड़ी** : भाषा विभाग के सचिव ने खिर्सू ब्लाक के मीन्दाण गांव में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं सुनी। उन्होंने ग्रामीणों को समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने गांव में संचालित विभिन्न योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया।

खिर्सू ब्लाक के मीन्दाण गांव में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों ने गांव में झूलते हुए विद्युत पोलों, बिलों का भुगतान करने के बावजूद उन्ही बिलो को दुबारा उन्हें भेजने आदि की समस्याएं सचिव को बताई। सचिव ने अफसरो को कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल करने के निर्देश दिए। इस दौरान महिलाओं ने सचिव को बताया कि पालीहाउस में केवल एक बार ही सब्जी उत्पादन हो रहा है। सचिव ने अफसरो को गांव के फार्म मशीनरी बैंक में रखे कृषि यंत्रों की स्थिति का तकनीकी परीक्षण करवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम लैंसडौन शालिनी मौर्य, डीडीओ मनविंदर कौर, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा. देवेंद्र बिष्ट, तहसीलदार श्रीनगर हरीश जोशी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग पाबौ केएसनेगी आदि शामिल थे।

# पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़े युवा : गौड़

### राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में आयोजित की गई कार्यशाला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : मुख्य शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र गौड़ ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि खेल के माध्यम से भी युवा अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं।

खेल दिवस पर राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र गौड़ ने विद्यार्थियों को मेजर ध्यान चंद की जीवनी के बारे में बताया। कहा कि भारत एवं विश्व के सर्वश्रेष्ठ हाकी खिलाड़ियों में मेजर ध्यान चंद की गिनती होती है। विद्यार्थियों को सदैव अपना लक्ष्य लेकर चलना चाहिए। लक्ष्य प्राप्ति के लिए मेहनत करने वालों को एक दिन अवश्य सफलता मिलती है। उन्होंने कहानियों के माध्यम से छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का बेहतर वातावरण बने इसके लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने राजकीय इंटर कालेज में पठन-पाठन व्यवस्था, अनुशासन व विविध पाठ्येत्तर गतिविधियों की सराहना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य मुकेश रावत, डा.पद्मेश बुड़ाकोटी, विनोद पंत आदि मौजूद रहे।



राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में विद्यार्थियों को संबोधित करते मुख्य शिक्षा अधिकारी दिनेश गौड़

# आपदा प्रभावितों की अनदेखी पर भड़के पूर्व सैनिक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : शहर में आपदा पीड़ितों को बेहतर मदद उपलब्ध नहीं करवाने पर पूर्व सैनिक संघ समिति के सदस्य भड़क उठे। उन्होंने शासन-प्रशासन से प्रभावितों को जल्द मदद पहुंचाने की मांग उठाई। कहा कि आपदा प्रभावित परिवारों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मंगलवार को पूर्व सैनिकों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। बताया कि 13 जुलाई को आई भीषण आपदा ने कई परिवारों को बेघर कर दिया है। क्षेत्र की नदियों में बने कई पुल खतरे की जद में आ गए हैं। सरकार की गलत खनन नीतियों के कारण क्षेत्रवासियों को आपदा का दंश झेलना पड़ा। नदियों का रूख लगातार आबादी की ओर हो गया। जिससे खोह नदी, सुखरो नदी, पनियाली स्रोत, गिवई स्रोत, मालन नदी, ग्वालगढ़ नदी, तेली स्रोत व बेहड़ा स्रोत में भारी भू-कटाव हो गया। पूर्व सैनिकों ने प्रभावित परिवारों को शीघ्र उचित मुआवजा दिए जाने, बेघरों को पुर्नवास किए जाने, पुलों की मरम्मत किए जाने, खतरे की जद में आए पुलों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने की मांग की है।

इस मौके पर समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत, देवेंद्र बिष्ट, राजेश बिष्ट, सुभाष कुकरेती, ताजबर सिंह, मेहरबान सिंह चौहान, बलवान सिंह, ठाकुर सिंह, मदन सिंह नेगी, गोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



आपदा प्रभावितों की मदद के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते पूर्व सैनिक।

# बस परिचालक से मारपीट का मामला, सिपाही लाइन हाजिर

**पौड़ी** : जीएमओयू बस के परिचालक के साथ मारपीट करने के मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे ने पौड़ी कोतवाली में तैनात एक सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया है। उन्होंने मामले की जांच सीओ सदर पौड़ी श्याम दत्त नौटियाल को सौंपी है।

एसएसपी ने कहा कि जांच के बाद दोषी पाए जाने पर पुलिसकर्मी के खिलाफ आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। वहीं, मारपीट की घटना पर जीएमओयू के कर्मचारियों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। बीते रविवार रात जीएमओयू बस के परिचालक सोहन सिंह रावत रात को बस के अंदर सो रहे थे। इस दौरान वे बाथरूम करने बाहर आए और फिर बस में सो गए। इसी बीच यहां पर रात्रि गश्त कर रहे पुलिसकर्मी ने उन्हे बस से बाहर आने को कहा। सिपाही ने उनके साथ जमकर मारपीट की। जिसके बाद सोहन सिंह अपनी पत्नी के साथ एसएसपी को मिलने पहुंचे। इस दौरान सभासद अनिता रावत, कांग्रेस नेता दीपक असवाल ने भी एसएसपी से मुलाकात कर मामले से अवगत कराया। एसएसपी पौड़ी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पौड़ी कोतवाली में तैनात सिपाही मनोज को लाइन हाजिर कर दिया है। साथ ही मामले की जांच सीओ सदर पौड़ी श्याम त्त नौटियाल को सौंपी है। वहीं बस परिचालक के साथ हुई घटना पर जीएमओयू बस चालकों व परिचालकों में भी रोष बना हुआ है। जीएमओयू के पर्यटन अधिकारी अनिल बरगली ने बताया कि कर्मचारियों के साथ इस प्रकार की घटना निंदनीय है। घटना से पूरे जीएमओयू कर्मचारियों में रोष बना हुआ है। उन्होंने आरोपी पुलिस कर्मी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है।

# जागरूकता गोष्ठी में महिला सुरक्षा, साईबर अपराध आदि की दी जानकारी



अल्मोड़ा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा रामचंद्र राजगुरु के निर्देश पर जनपद में पुलिस ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंगलवार को चौकी प्रभारी जैंती उपनिरीक्षक सुनील कुमार द्वारा ग्राम हाथीखान, गोलीमहर, लमगड़ा में महिला सीएलजी सदस्यों व ग्रामीणों के साथ जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी में उपस्थित महिला सीएलजी सदस्यों को महिला सुरक्षा के प्रति सजग करते हुए महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा सहित सभी अपराधों की जानकारी देकर कानूनी प्रावधानों व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया व गौरा शक्ति की जानकारी देकर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को समझाकर रजिस्ट्रेशन हेतु प्रेरित किया गया। गोष्ठी में वर्तमान में हो रहे साइबर अपराध व सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों की जानकारी देकर बचाव के संबंध में बताया गया। उत्तराखंड पुलिस एप में उपलब्ध सभी ऑनलाइन सुविधाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## छात्राओ को दी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की जानकारी

हल्द्वानी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर इंदिरा प्रियदर्शनी राजकीय महिला स्नातकोत्तर वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शशि पुरोहित के उद्बोधन द्वारा हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. रितु सिंह ने बच्चों को कृमि मुक्ति की आवश्यकता पर जानकारी देते हुए उसकी निर्धारित खुराक के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ ललिता जोशी ने स्वयंसेवी छात्राओं को जन–जन तक कृमि मुक्ति की महत्ता को पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

# बागेश्वर उपचुनाव में उपपा और उक्रांद प्रत्याशी को आरओ का नोटिस

बागेश्वर। बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव के लिए निर्वाचन व्यय लेखा मिलान किया गया। उपपा के भगवत कोहली व उक्रांद के अर्जुन देव ने बैंक रजिस्टर व बैंक स्टेटमैंट पेश नहीं किए हैं। दोनों को दोनों प्रत्याशियों को आरओ ने नोटिस जारी किया है। साथ ही तीन सितंबर को आखरी मिलान दिवस पर कमियां पूरी कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को व्यय प्रेक्षक प्रभात डंडोटिया के निर्देशन में विकास भवन सभागार सहायक व्यय प्रेक्षक नौशाद आलम ने सभी पार्टी प्रत्याशियों का व्यय लेखा मिलान किया गया। भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास द्वारा अब तक 18 लाख, 44 हजार, 795 रुपये खर्च किए हैं। कांग्रेस प्रत्याशी बंसत कुमार ने 17 लाख, 17 हजार, 872, उपपा के भगवत कोहली ने एक लाख, नौ हजार, 70 रुपये व सपा प्रत्याशी भगवती प्रसाद त्रिकोटी ने एक लाख, 80 हजार, 800 रुपये खर्च किए हैं। यूकेडी प्रत्याशी अर्जुन देव व्यय रजिस्टर उपलब्ध नहीं करा पाए, लेकिन व्यय लेखा टीम के रजिस्टर के अनुसार अब तक यूकेडी प्रत्याशी दो लाख, 41 हजार, 675 रूपये खर्च कर चुके हैं। सहायक व्यय प्रेक्षक ने बताया कि भगवत कोहली द्वारा बैंक स्टेटमेंट व अर्जुन देव द्वारा बैंक रजिस्टर,स्टेटमेंट प्रस्तुत न किए जाने पर इन दोनों प्रत्याशियों को रिटर्निंग ऑफिसर के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। अगली लेखा मिलान तिथि तीन सितंबर को सभी कमियां पूर्ण करते हुए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। लेखा मिलान में व्यय टीम के हरीनंदन सनवाल, सचिन कंबोज, रघुनाथ सिंह आनंद बिष्ट, प्रतिनिधि भाजपा मदन राम आगरी, राजेश रौतेला, कांग्रेस दीप चंद्र आर्या, प्रमोद कुमार, सपा के दीवान सिंह मलड़ा व उपपा के हीरा देवी मौजूद रहे।

## न्यायिक बंदी गृह का निरीक्षण किया

चम्पावत। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिवानी पासबोला ने मंगलवार को न्यायिक बंदी गृह लोहाघाट का निरीक्षण किया गया। वरिष्ठ सहायक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार चौधरी ने बताया कि सचिव ने बंदियों से उनके खान–पान, निशुल्क अधिवक्ता प्रदान किए जाने व स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई।

# देवीधुरा बग्वाल मेले में 22 दिव्यांगों को प्रमाण पत्र दिए

चम्पावत। देवीधुरा बग्वाल मेले बहुउद्देशीय शिविर लगाया गया। समाज कल्याण विभाग की ओर से लगाए शिविर में 22 दिव्यांगों को प्रमाण पत्र जारी किए। इसके अलावा कई प्रमाण पत्रों में सुधार किए गए। सरकारी विभागों ने स्टॉल लगा कर लोगों को जानकारी दी। देवीधुरा में मंगलवार को समाज कल्याण विभाग ने शिविर का आयोजन किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी आरएस सामंत ने बताया कि शिविर में 22 दिव्यांगों को प्रमाण पत्र दिए गए। इसके अलावा इतने ही लोगों के यूडी आईडी कार्ड भी जारी किए गए। बाल विकास विभाग ने 22 आधार कार्ड में सुधारीकरण का कार्य किया। शिविर में देवीधुरा और इससे लगे गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। सरकारी विभागों ने स्टॉल लगाए। समाज कल्याण, बाल विकास, कृषि, स्वास्थ्य, ग्राम्य विकास, उद्यान, पशुपालन, राजस्व, पंचायती राज, पूर्ति, पर्यटन, उरेडा, होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक समेत तमाम विभागों ने लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। लोगों को निशुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया। शिविर में एसीएमओ डॉ. इंद्रजीत पांडेय , डॉ. विनोद जोशी , डॉ.ललित शौर्य, डॉ.गुरशरण कौर, डॉ. रितिका सिंह, डॉ.अनम अंसारी, मेला संरक्षक लक्ष्मण सिंह लमगड़िया समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## नशे के आदी युवाओं की काउंसलिंग करें

चम्पावत। डीएम नवनीत पांडेय ने नशे के आदी युवाओं की काउंसलिंग करने को कहा है। उन्होंने नशे के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।मंगलवार को हुई बैठक में डीएम ने नशे का व्यापार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा।

## 32 महिला होमगार्ड पदों के लिए 2430 आवेदन

बागेश्वर। जिले में महिला होमगार्ड की भर्ती प्रक्रिया के लिए आवेदन पत्र जमा करने की तिथि समाप्त हो गई है। 32 पदों के लिए 2430 आवेदन भरे गए हैं। इन आवेदन पत्रों की जांच की जा रही है। जांच के बाद सही पाए जाने वाले अभ्यर्थियों की भर्ती प्रक्रिया 12 सितंबर से शुरू होगी। मालूम हो कि इन गत दिनों महिला होमगार्ड पद के लिए आवेदन पत्र जमा किए गए। अंतिम तिथि तक 34230 आवेदन किए गए हैं। इन आवेदनों की जांच की जा रही है। जांच में यदि कोई आवेदनों में कमी पाई गई तो वह कैंसिल हो जाएंगे। 12 सितंबर से शरीरिक भर्ती परीक्षा होगी। इसमें एनसीसी, एनएसएस, स्पोर्ट्स व भारी वाहन चालकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# जवाहर नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत की छात्राओं ने एसएसपी की कलाई पर बाँधी राखी



अल्मोड़ा। रक्षाबन्धन पर्व के उपलक्ष्य पर जवाहर नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत की छात्राओं ने एसएसपी को राखी बाँधी। मंगलवार को नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य स्कूल के छात्र–छात्राओं के साथ एसएसपी ऑफिस अल्मोड़ा पहुंचे तथा छात्राओं द्वारा रामचन्द्र राजगुरु, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा को तिलक लगाकर उनकी कलाई पर राखी बांधी गई। एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा सभी छात्राओं को आशीर्वाद देकर सुरक्षा का वचन दिया गया। एसएसपी अल्मोड़ा ने छात्राओं से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या, शिकायत होने पर थाना पुलिस के हेल्पलाईन नम्बरों व उत्तराखण्ड पुलिस हेल्प लाईन नंबर 112, 1090 में या उत्तराखंड पुलिस एप के गौरा शक्ति में शिकायत कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। एसएसपी द्वारा उपस्थित छात्र–छात्राओं की करियर काउंसलिंग कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उनका मार्गदर्शन करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षा सबसे अहम होती है,

# कुक्कुट पालन का किसानों को लाभ दिलाया जायः डॉ सुरेंद्र नारायण पांडे



अल्मोड़ा। सचिव मुख्यमंत्री, आवास विभाग तथा वित्त विभाग उत्तराखंड शासन डॉ सुरेंद्र नारायण पांडे ने हवालबाग पहुंचकर कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र, रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर तथा हिलांस कृषि उत्पाद प्रसंस्करण एवं बेकरी इकाई का निरीक्षण किया। कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां के बारे में विभिन्न जानकारियां प्राप्त की तथा निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ दिलाया जाए। इसके बाद उन्होंने रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर का निरीक्षण किया। यहां रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर प्रबंधक योगेश भट्ट ने यहां होने वाली ट्रेनिंग आदि के बारे में जानकारी दी। डॉ पांडे द्वारा निर्देश दिए गए कि इस संस्थान के माध्यम से ग्रामीण अंचल में व्यापारिक गतिविधियों में लगे लोगों को जोड़ कर संस्थान की अवधारणा के अनुरूप उन्हें सहयोग दिया जाए। इसके बाद उन्होंने हिलांस कृषि उत्पाद प्रसंस्करण एवं बेकरी इकाई का निरीक्षण किया। यहां उत्पादित सामग्री का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने कहा कि उत्पाद की पैकेजिंग एवं फिनिशिंग ग्राहक को आकर्षित करती है, इसलिए इस ओर अधिक कार्य किया जाए। यहां उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो महिलाएं यहां काम कर रही हैं, उन्हें फूड एक्सपर्ट के माध्यम से ट्रेनिंग दी जाए ।

## अज्ञात कॉलर ने भांजा बनकर दो लाख रुपये ठगे

रुद्रपुर। मोबाइल फोन पर अज्ञात कॉलर ने भांजा बनकर ग्रामीण से दो लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने पुलिस की साइबर सेल में शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्राम सरकड़ा निवासी निर्मल सिंह ने साइबर सेल और बैंक प्रबंधक को लिखित शिकायत देकर बताया कि उनके मोबाइल फोन पर अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को उनका भांजा बताते हुए कहा कि उसकी मां की तबियत खराब है। वह उनके खाते में रुपये डाल रहा है, इन पैसों को निकालकर मां को दे देना। निर्मल सिंह ने भांजा समझ उसे अपना बैंक एकाउंट नंबर उसे दे दिया।

# केंद्र व प्रदेश के विकास कार्यों का लाभ मिल रहा पार्टी कोः रेखा वर्मा

बागेश्वर। भाजपा प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार व केंद्र सरकार के विकास कार्यों का लाभ पार्टी को मिल रहा है। बागेश्वर उप चुनाव बहुत अच्छे मतों से जीत रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता वर्ष भर जनता के बीच रहते है। उनकी सेवा करते है। भाजपा चुनावो के समय ही जनता के बीच नही जाते है। हमेशा जनता के बीच ही रहते है। पार्टी कार्यालय पर पत्रकार वार्ता के दौरान वर्मा ने कहा कि बागेश्वर विधान सभा में चंदन राम दास द्वारा जो विकास के कार्य किए हैं उसका सीधा लाभ पार्टी को मिल रहा है। समावेशी विकास की नीति के चलते अभी वर्गों का समर्थन पार्टी को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी हर चुनाव में पाला बदलते रहते है। उनके द्वारा जिस पार्टी से भी चुनाव लड़ा है। वह पार्टी लगातार उत्तराखंड में गर्त में गई है। इस चुनाव में कांग्रेस भी डूबती नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में महिलाओं का रुझान भाजपा के पक्ष में दिख रहा है। 2022 के आम चुनावों में भी मातृ शक्ति का जिस तरह समर्थन मिला था। इस बार भी उपचुनावों में भी मातृ शक्ति का भारी जनसमर्थन मिल रहा है। इस दौरान प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट, पूर्व विधायक मीना गंगोला, युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, पुष्कर काला, जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण आदि मौजूद रहे।

## ह्रदयघात से रोडवेज कर्मी की मौत

चम्पावत। टनकपुर में ह्रदयघात से एक रोडवेज कर्मी की मौत हो गई। चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने शारदा घाट में उनका अंतिम संस्कार किया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात वार्ड 9, घसियारामंडी निवासी 45 वर्षीय महेश कुमार पुत्र तुलसी राम को दिल का दौरा पड़ा।

# सेवा भारती ने आईटीबीपी के जवानों के साथ मनाया रक्षा बंधन



अल्मोड़ा। सेवा भारती ने आईटीबीपी के जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर राखी मनाई। भारत तिब्बत सीमा पुलिस के जवानों ने भी सेवा भारती का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सेवा भारती के जवानों को राखी बांधकर बहन ने भाई का आशीर्वाद भी लिया और अपना फर्ज भी पूरा किया। सेवा भारती की प्रदेश उपाध्यक्ष गंगा बिष्ट व जिला अध्यक्ष चन्दन गोस्वामी ने कहा कि आईटीबीपी के जवानों को रक्षा सूत्र बाँध कर उनकी लम्बी उम्र की कामनाएं की। जवानों के त्याग से हम चैन की नींद सोते हैं।

इस अवसर पर आईटीबीपी के अनिल सिंह बिष्ट कमांडेंट, रवि शंकर सिंह उप कमांडेंट, भूपाल अधिकारी निरीक्षक, कुलवंत सिंह निरीक्षक, नीम चंद निरीक्षक व आईटीबीपी के जवान तथा सेवा भारती प्रदेश उपाध्यक्ष गंगा बिष्ट, जिला अध्यक्ष चन्दन गोस्वामी, संरक्षक रुप सिंह बिष्ट, लीला बिष्ट, गिरधर सिंह अधिकारी, धन सिंह बिष्ट, नन्दनी गोस्वामी, माया भोज, हीरा कनवाल, दीपा भण्डारी, हेमा बोरा, लीला खोलिया आदि मौजूद रहे।

## खेल दिवस के रूप में मनाया ध्यान चंद का जन्मदिन

बागेश्वर। भारतीय हाकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद के जन्म दिन जिले में धूमधाम के साथ मनाया। जिले के विद्यालयों में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल परिसर पर आयोजित प्रतियोगिता का एनबी भट्ट, शंकर पांडे और प्रधानाचार्य विनोद कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। वालीबाल प्रतियोगिता नाग और पृथ्वी सदन के मध्य खेली गई। नाग विजयी रही। दूसरा मैच आकाश और अग्नि सदन के मध्य हुआ और आकाश ने जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबला आकाश और नाग सदन में हुआ और नाग विजयी रही।

# बागेश्वर उपचुनाव में बड़े अन्तर से भाजपा करेगी जीत दर्जः रेखा वर्मा



अल्मोड़ा। भारतीय जनता पार्टी की उत्तराखंड सह प्रभारी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने प्रेस वार्ता कर भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई एवं दावा किया कि बागेश्वर उपचुनाव के साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पांचों लोकसभा सीटों पर बहुत बड़े अन्तराल से विजय प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आज समाज के हर वर्ग को मिल रहा है। जनता भी आज समझ चुकी है कि नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में आज भारत देश लगातार तरक्की के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान 3 मिशन भारतवर्ष की बहुत बड़ी उपलब्धि है जिससे पूरी दुनिया में भारत देश का नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज हो चुका है। विदित हो कि बागेश्वर उपचुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए रेखा वर्मा को बागेश्वर की जिम्मेदारी सौंपी गयी है जहां वे महिला सम्मेलन एवं जनसभा को सम्बोधित करेंगी। प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, जिला महामंत्री धर्मेन्द्र बिष्ट, कैलाश गुरूरानी, अजय वर्मा, रेखा आर्या आदि उपस्थित रहे।

# किच्छा में अवैध तमंचे व चाकू के साथ दो गिरफ्तार



रुद्रपुर। किच्छा के पुलभट्टा पुलिस ने एक अवैध तमंचे व एक चाकू के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बीते सोमवार पुलभट्टा पुलिस को सूचना मिली कि पुलिस की पकड़ से फरार चल रहे दो आरोपी आपराधिक घटना की फिराक में शंकरफार्म कट के पास खड़े है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों के पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस व एक चाकू बरामद किया। आरोपियों ने अपना नाम सरताज उर्फ बौरा पुत्र मो. हनीफ उर्फ रंगीला निवासी इन्द्रानगर सिरौलीकला वार्ड 20 थाना पुलभट्टा और नासिर पुत्र बाबू निवासी ग्राम भूड़ा भोजीपुरा बरेली हाल निवासी इन्द्रानगर सिरौलीकला वार्ड 20 थाना पुलभट्टा बताया। पूछताछ के दौरान आरोपी सरताज ने बताया कि वह प्रतिबंधित मांस के व्यापार के आरोप में बहेडी थाने से कई बार जेल जा चुका है।

## ताबड़तोड़ छापेमारी से बिजली चोरों में हड़कंप

रुद्रपुर। बिजली विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी से बिजली चोरों में हड़कंप मचा है। सोमवार को भी विभाग की टीम ने एसडीओ दिनेश चंद गुरुरानी की अगुवाई में सुभाष कालोनी आजादनगर वार्ड एक किच्छा में छापेमारी की। चेकिंग के दौरान टीम मनोरंजन मंडल पुत्र दीनानाथ मंडल और चेतन बैरागी पुत्र जितेन बैरागी के परिसर में विद्युत मीटर से पहले डायरेक्ट केबिल डालकर विद्युत चोरी की जा रही थी। अवर अभियंता ओम कुमार की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# 108 एंबुलेंस में महिला ने दिया शिशु को जन्म



चम्पावत। बनबसा क्षेत्र की एक महिला ने टनकपुर उपजिला अस्पताल ले जाते वक्त 108 एंबुलेंस में ही नवजात को जन्म दिया है। महिला को प्रसव पीड़ा होने पर 108 एंबुलेंस से उपजिला अस्पताल लाया जा रहा था। जच्चा व बच्चा दोनों की स्वस्थ हैं। मंगलवार सुबह सवा पांच बजे बनबसा क्षेत्र के मीना बाजार निवासी 27 वर्षीय शिवानी पत्नी जितेंद्र कश्यप को प्रसव पीड़ा शुरु होने लगी। परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना 108 एंबुलेंस में दी। अस्पताल लाते समय मिलिट्री कैंप के पास अचानक महिला को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। महिला का प्रसव ईएमटी प्रमोद भट्ट ने चालक पंकज शर्मा की मदद से आपातकालीन सेवा में ही कराना पड़ा। एलएमओ डॉ भारती ने बताया कि बच्ची और मां दोनों ही स्वस्थ्य हैं।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर खिलाड़ियों को किया सम्मानित



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र, नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान ने खेल मैदान गोपेश्वर में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया एवं मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाडी उन्नयन योजना के तहत चयनित 32 खिलाड़ियों को चैक वितरित किए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द की याद में खेल दिवस मनाया जाता है। खेल दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को खेलों के महत्व के बारे में बताना और बढ़ावा देना है। कहा कि खेल फिट रखने का बेहतरीन जरिया है। हम सब को किसी न किसी खेल को अपने डेली रूटीन में शामिल करना चाहिए। कहा कि हाल फिलहाल में जनपद के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है और भविष्य में भी हमारा जनपद खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। खेल दिवस के अवसर पर परमजीत सिंह अन्तर्राष्ट्रीय वॉक खिलाड़ी, आदित्य नेगी राष्ट्रीय स्तर पर 10 किमी0 वॉक रेस में पदक विजेता, अनूप बिष्ट उत्तराखण्ड द्रोणाचार्य अवार्डी मानसी नेगी के प्रशिक्षक, गोपाल बिष्ट आदित्य नेगी के प्रशिक्षक एवं स्वाती बडवाल सीनियर राष्ट्रीय मिक्स मार्शल आर्टस में स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता को सम्मानित किया गया। खेल दिवस पर आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता के पहले मैच में ट्रैनीज वन ने जीआईसी लंगासू को 2-0 से पराजित किया तथा दूसरे मैच में स्पोर्टस हॉस्टिल ने ट्रैनीज 2 को 2-0 से पराजित किया। बालक ओपन वर्ग हॉकी प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड पब्लिक स्कूल ने ऑल्ड टैज्नीज को 03-01 से पराजित किया तथा दूसरे मैच में जीआईसी गोपेश्वर ने उत्तराखण्ड पब्लिक स्कूल सी को 05-0 से पराजित किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मनोज भण्डारी, सीएओ खेल विभाग विक्रम चौधरी, क्रीडाअधिकारी जयबीर रावत, युवा कल्याण अधिकारी आनन्द सिंह नयाल तथा खेल संस्थाओं के शिक्षक एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## रक्षा बंधन का त्यौहार मन वचन और कर्म की पवित्रता का सूचक

टिहरी : प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र बौराड़ी में अलौकिक रक्षाबंधन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता महेश कुमार ने कहा कि रक्षा बंधन का त्यौहार एक धार्मिक त्यौहार है, यह मन वचन और कर्म की पवित्रता का सूचक भी है। मंगलवार को नई टिहरी के बौराड़ी में प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में समाज सेवक सुशील बहुगुणा ने कहा बहन भाई की कलाई पर जो रक्षा सूत्र बांधती है, तो वह भाई बहन के पवित्र और मजबूत रिस्ते का प्रतीक होने के साथ एक पवित्रता त्यौहार भी है।

शिव बाबा ने कहा कि जब हम शांति, प्रेम, पवित्रता खुशी, आनंद का अनुभव करेंगे, तो समझ लेना हम ईश्वर के नजदीक रह रहे हैं और वह हमारी रक्षा कर रहा है।

# पहली सितंबर से शुरू होगी होमगार्ड भर्ती

## महिला होमगार्ड भर्ती के लिए चमोली में 2740 महिलाओं ने किया आवेदन

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में प्रदेश के दस जनपदों में 320 महिला होमगार्ड पदों पर भर्ती की जानी है।

जिला कमांडेंट चमोली एस.के.साहू ने बताया कि पूरे प्रदेश में कुल 37,422 आवेदन आए हैं। जनपद में 2740 महिलाओं ने आवेदन किया है। आगामी 01 सितंबर से स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर में शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी। जिसमें दौड़, क्रिकेट बॉल थ्रो, लंबी कूद आदि शामिल है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के अनुक्रमांक के आधार पर शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया गया है। प्रत्येक दिन 300 महिलाओं की शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी। जिले में 01 सितंबर से 09 सितंबर के बीच शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जाएगी। किसी दिवस पर बारिश होने की स्थिति में नई तिथि निर्धारित की जाएगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए अभ्यर्थी को कार्यालय द्वारा प्रदान अनुक्रमांक के साथ ही अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य है। ऐसे अभ्यर्थी जिनका आवेदन डाक द्वारा प्राप्त हुआ है तथा निरस्त फॉर्म की सूची नाम सहित जानकारी डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट चमोली के फेसबुक पेज आईडी और इंस्टाग्राम पर अपलोड तथा कार्यालय सूचना पर चस्पा कर दी गई है। अभ्यर्थी के साथ भर्ती के दौरान कोई भी शारीरिक दुर्घटना, चोरी तथा कोई अन्य घटना होने पर विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। कोई भी अभ्यर्थी बैग, मोबाइल, कोई भी खाद्य पदार्थ, भर्ती मैदान के अंदर नहीं लाएंगे। भर्ती स्थल पर अभ्यर्थी व भर्ती में नामित कार्मिक के अतिरिक्त कोई भी अन्य व्यक्ति मैदान के अंदर प्रवेश नहीं करेंगे।

## 1500 मी. दौड़ में कृष्णा, ऐश्वर्या ने मारी बाजी

चमोली : राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर मेहलचौरी के खेल मैदान में युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षा दल के सौजन्य से विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इनमें अंडर-14, पंद्रह सौ मीटर बालक वर्ग में कृष्णा, परवीन, रोहित, बालिकाओं में ऐश्वर्या, चांदनी, रोशनी, संगीता, भवानी, रोशनी, तीन सौ मीटर अंडर- 17 बालक वर्ग में अतुल, मयंक, कृष्णा व रितेश अंडर-19 में भरत, विक्रम, त्रिलोक व बालिकाओं में बबीता, भारती व सीता ने क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# छात्रों की मांगों को लेकर गंभीरता से नहीं ले रही कुलपति

नई टिहरी : केंद्रीय विवि परिसर बादशाहीथौल में एबीवीपी से जुड़े छात्रों का धरना सातवें दिन भी जारी रहा। विभिन्न संगठनों के लोगों ने धरना स्थल पर पहुंचकर छात्रों को समर्थन दिया। नौ सूत्रीय मांगों को लेकर बीते सात दिनों से केंद्रीय विवि परिसर बादशाहीथौल में धरने पर बैठक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्रों ने मंगलवार को अपना धरना परिसर के मुख्य गेट पर ही शुरु कर दिया है।

\एबीवीपी जिला संयोजक गौतम मखलोगा ने कहा सीईयूटी की खामियों के कारण प्रदेश के छात्रों का भविष्य खराब हो रहा है, छात्रों में विवि प्रशासन के खिलाफ रोष बना है। कहा कि विवि कुलपति अन्नपूर्णा नौटियाल छात्रों की मांगों को गंभीरता से नहीं ले रही है, जल्द मांगे पर उचित कार्यवाही नहीं होती है, तो छात्र उग्र आंदोलन करेंगे, जिसकी जबादेई विवि प्रशासन की होगी। विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने धरना स्थल पर पहुंचकर छात्रों को समर्थन दिया। धरने पर बैठने वालों में छात्र संघ महासचिव नितीश कोठारी, बृजेश खाती, अंकित सजवाण, प्रदीप सजवाण, जयंत रावत, अंशुल भंडारी, अनुराग मखलोगा, रीना, सीमा, वैशाली, गीतिका शामिल हैं। समर्थन देने वालों में चंबा नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष सूरज राणा, साहब सिंह सजवाण ,क्षेपंस उत्तम नेगी, सुरेंद्र नेगी आदि शामिल थे। (एजेंसी)

## पुलिस जवानों को बांधे रक्षा सूत्र

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : ब्रह्माकुमारी आश्रम की बहनों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे व पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त पुलिस कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधे। ब्रह्माकुमारी आश्रम की बहनों द्वारा सभी पुलिसकर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की गई। इस दौरान एसएसपी ने ब्रह्माकुमारी आश्रम की बहनों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी महिलाओं व बहनों की रक्षा के लिए पुलिस जवानों को तत्पर रहने के निर्देश दिए गए।

## कबड्डी में रेडबुल बायॅज रही विजेता

रुद्रप्रयाग : भारतीय हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की 118वीं जयंती पर खेल कार्यक्रम आयोजित किए। ब्लॉक अस्त्यमुनि के राइंका रतूड़ा में आयोजित कार्यक्रम में युवक एवं युवतियों के बीच कबड्डी खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें युवकों की 5 टीमों तथा युवतियों की 4 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में युवकों में रेडबुल बायॅज टीम विजेता एंव लाटू देवता टीम उपविजेता रही। जबकि युवतियों में डेविल गर्ल्स टीम विजेता तथा सुपर गर्ल्स टीम उपविजेता रही। पीटीआई रामचन्द्र चमोला द्वारा कबड्डी खेल प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई गई।

# भावना वर्मा का किया भव्य स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

लैंसडौन : देहरादून मधुबन होटल में आयोजित कार्यक्रम में भावना वर्मा को माहा मुम्बई हलचल अचीवर्स अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। मंगलवार को भावना वर्मा का लैंसडौन पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया।

महिलाओं ने पुष्प की माला पहनाकर, पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं पुष्प की वर्षा करके भावना वर्मा का भव्य स्वागत किया। भावना वर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरबाज खान थे। सम्मान के लिए भावना वर्मा ने डॉ. सोनिया आनन्द का विशेष आभार किया।



उन्होंने कहा कि लैंसडौन की महिलाओं ओर बच्चों और निवासियों से उनको जो प्यार एवं आशीर्वाद मिलता है उससे उनका उत्साह बहुत बढ़ता है। भावना वर्मा ने बताया देहरादून में बिना कुकरेती को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजेश्वरी नेगी, शालू अग्रवाल, पूजा रावत, सविता नेगी, रुचि अग्रवाल, उपासना अग्रवाल, सूची नेगी, सुमन ढौंढियाल, सरोजनी, लता जोशी, कल्पना जदली, प्रभा गडिया, सोनू नेगी, गीता बिष्ट, लता बिष्ट, भुवनेश्वर रावत, ज्योति वमा, गुलजार बानू, ममता रावत, चन्दा नेगी, विपना जोशी, उर्मिला वर्मा, कान्ता खण्डेलवाल, बीना खण्डेलवाल, कुसुम रावत, बबली आदि मौजूद थे।

# 50 प्रतिशत आरक्षण समेत तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सड़क पर उतरे छात्र

श्रीनगर गढ़वाल : तीन सूत्रीय मांगों को लेकर गढ़वाल विवि में अलग–अलग स्थानों पर एबीवीपी, जय हो संगठन एवं छात्र संघ पदाधिकारियों का धरना प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा। इस दौरान धरने पर बैठे छात्रों ने सीयूईटी के माध्यम से दिए जाने वाले प्रवेश में 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने, मेरिट के आधार पर रिक्त सीटों पर प्रवेश दिए जाने व पीजी कक्षाओं में 5 प्रतिशत वेटेज दिए जाने की मांग की। कहा यदि इन मांगों पर समय रहते ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है तो छात्र उग्र आंदोलन को विवश हो जाएंगे। मंगलवार को जय हो संगठन के कार्यकर्ताओं ने धरनास्थल पर एनटीए, यूजीसी व केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पुतले बनाकर खड़े कर दिए। कहा उनकी मांगों को नहीं सुना जा रहा है। मौके पर जय हो के सुधांशु थपलियाल, कैवल्य जखमोला, पुनीत अग्रवाल, वीरेंद्र बिष्ट आदि ने यहां पहुंची एडीएम पौड़ी के माध्यम से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को ज्ञापन भी भेजा। कहा विवि प्रशासन, स्थानीय प्रशासन व शिक्षा मंत्रालय उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं ले रहा है। इधर, विवि के बिड़ला परिसर गेट पर धरने पर बैठे छात्र संघ सचिव सम्राट राणा ने कहा कि छात्र संघ द्वारा शांतिपूर्ण आंदोलन किया जा रहा है। जिसकी सुध नहीं ली जा रही है। विवि व प्रशासन के इस रवैए के कारण उन्हें उग्र आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। विवि कुलपति सचिवालय गेट पर धरना दे रहे एबीवीपी के संदीप राणा, शाश्वत खंडूड़ी, जसवंत राणा आदि ने कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## भगवती मैमोरियल स्कूल ने जीता बास्केटबॉल का खिताब

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग एवं रोटरी क्लब की ओर से आयोजित दो दिवसीय अंतर विद्यालयी बालक बास्केटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला भगवती मैमोरियल पब्लिक स्कूल एवं सेंट थेरेसॉस कान्वेंट स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें भगवती मैमोरियल स्कूल ने 37-31 के स्कोर से पराजित किया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि खेल निदेशक डा. एसएस बिष्ट तथा विशिष्ट अतिथि रोटरी क्लब के सचिव डा. केके गुप्ता ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भगवती मैमोरियल स्कूल के कप्तान तेज प्रकाश को मिला। फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच सेंट थेरेसॉस स्कूल के मनीष को मिला। इस मौके पर शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा शारीरिक शिक्षा शिक्षक सतीश बलूनी को खेलों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर डा. गुरदीप सिंह, डा. हीरालाल यादव, विकास घिल्डियाल, रोहित मंमगाई, अजहर हुसैन, नरेंद्र प्रसाद पुरी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# कलाकारों ने आषाढ़ का एक दिन नाट्य का किया शानदार मंचन

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के लोक कला एवं संस्कृति निष्पादन केंद्र व राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 21 दिवसीय नाट्य कार्यशाला के आधार पर तैयार किए गए नाटक आषाढ़ का एक दिन का मंचन कर कलाकारों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। मोहन राकेश कृत नाटक आषाढ़ का एक दिन का निर्देशन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से स्नातक महेंद्र सिंह पंवार ने किया। लोक कला एवं संस्कृति निष्पादन केंद्र में आयोजित नाट्य समारोह का शुभारंभ पत्रकार दीपक डोभाल व स्टार स्पोर्ट्स एंकर तान्या पुरोहित ने किया। उन्होंने कलाकारों की अभिनय व संवाद प्रस्तुति की सराहना की। मौके पर प्रो. डीआर पुरोहित व डा. संजय पांडेय ने बताया कि आषाढ़ का एक दिन नाटक की कथा संस्कृत के प्रसिद्ध कवि व नाटककार कालिदास, जो की कश्मीर के शासक के रूप में मातृगुप्त के रूप में प्रसिद्ध हुए उनकी कथा है। मल्लिका और कालिदास के प्रेम को आधार बनाकर नाटककार मोहन राकेश जी ने यथार्थ और भावना का द्वन्द दिखाया है और यह सिद्ध किया है कि जीवन में भावना का भी स्थान है। लेकिन यथार्थ में ही जीवन जीना पड़ता है। नाटक में सुरभि, मधु, अंकित, भरत, सोमिल, लव, गौरव, प्राची, रोनिका, रोहित, अनुष्का, विकेश आदि ने अभिनय किया। संगीत संचालन विवेक कुमार शर्मा, मंच सज्जा अभिषेक बहुगुणा व प्रकाश संयोजन विकेश बाजपेयी ने किया।

## जवाड़ी बाईपास को नगर पालिका में शामिल करने पर भड़के ग्रामीण

रुद्रप्रयाग : जवाड़ी बाईपास क्षेत्र को नगर पालिका में सम्मिलित करने का जवाड़ी एवं दरमोला के ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया। ग्रामीणों ने बैठक कर शीघ्र इस फैसले को वापस लेने की मांग की। इस बाबत उन्होंने जिलाधिकारी को भी ज्ञापन दिया है। बैठक के बाद ग्रामीणों ने जवाड़ी बाईपास पर प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया। जवाड़ी बाईपास में ग्राम सभा जवाड़ी की प्रधान पार्वती नौटियाल एवं दरमोला के प्रधान संतु लाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर कई प्रस्ताव पारित कर किए गए। साथ ही ग्रामीणों ने जुलूस प्रदर्शन कर नगर पालिका में शामिल करने के फैसले का विरोध किया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष किशोरी नंदन डोभाल ने कहा कि यदि शासन–प्रशासन और नगर पालिका शीघ्र इस निर्णय को वापस नहीं लेती तो ग्रामीण बड़ा आंदोलन करेंगे। कहा कि न्याय पंचायत जवाड़ी व काला पहाड़ को नगरपालिका में सम्मिलित किए जाने का समस्त ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जिलाधिकारी से भी वार्ता की जा चुकी है। (एजेंसी)

# छात्रों ने सीयूईटी परीक्षा को रद्द करने की मांग को किया प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल : ऑल इंडिया डीएसओ छात्र संगठन ने सीयूईटी परीक्षा को रद्द किए जाने की मांग को लेकर गोला पार्क में प्रदर्शन किया। इस मौके पर पौड़ी जिला कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप रमोला ने एनटीए और केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सीयूईटी शिक्षा का केंद्रीयकरण और निजीकरण करने का जरिया मात्र है। यह छात्र विरोधी, शिक्षा विरोधी नीति है।गढ़वाल विश्वविद्यालय की छात्रा प्रतिनिधि मोनिका चौहान ने कहा कि हजार रुपए सीयूईटी की फीस भरने के बाद भी विद्यार्थी परीक्षा नहीं दे पा रहे हैं और बिना परीक्षा दिए अपने ही गढ़वाल विश्वविद्यालय में प्रवेश न मिलने से वे उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। सीयूईटी से सबसे ज्यादा गरीब बच्चे व छात्राएं प्रभावित हो रही हैं। डीएसओ की ऑल इंडिया काउंसिल मेंबर रेशमा पंवार ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि कि प्रशासन द्वारा उत्तराखंड के भौगोलिक परिस्थितियों को मध्यनजर रखे बिना ही मनमानी ढंग से सीयूईटी को गढ़वाल विश्वविद्यालय में लागू किया गया।

जिसके चलते उत्तराखंड के छात्र-छात्राओं को इतनी समस्याएं झेलनी पड़ी। केंद्र सरकार और विश्वविद्यालय का ऐसा तानाशाही पूर्ण रवैया छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। मौके पर हिमानी, शिवानी, बिलाल, अभिनंदन, अजय, हर्ष, अद्वैत आदि शामिल रहे। (एजेंसी)


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, श्रीनगर (गढ़वाल) दूरभाष: 01346-252137.

Email: dgmari.upcl@yahoo.com कॉरपोरेट आईडेंटिटी संख्या (CIN) UA40109UP2001SGC025867/2368

**निविदा सूचना** दिनांक: 29.08.2023

[illegible]

| निविदा संख्या | कार्य विवरण | धरोहर राशि (रु0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य(रु0 में) |
|---|---|---|---|
| 12/ विविमश्री 2023–24 | Replacement of ACSR Conductor of LT line by LT Aerial Bunch Cable in Thalisain Block under EDSD Thalisain. | 72,600.00 | रु0 1180 जी.एस.टी. सहित |

पत्रांक: 1873 / विविमश्री / टी–5 अधीक्षण अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें विद्युत चोरी की सूचना हेतु सतर्कता अधिकारी से फैक्स 0135-2760911 (टोल फ्री नं0 :-1800 419 0405) एवं मोबाइल +91-8958811900 पर एसएमएस द्वारा रिपोर्ट करें।


# प्राणमति नदी के किनारे सुरक्षा दीवार बनाया जाना जरूरी

चमोली : मंगलवार को थराली नगर पंचायत की अध्यक्ष दीपा भारती के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों के एक शिष्टमंडल मंडल ने उप जिला अधिकारी रविंद्र जुवाठा से मिलकर उन्हें थराली नगर पंचायत में आपदा से उत्पन्न स्थिति से अवगत कराया और उन्हें आपदा प्रवाहितों एवं प्राणमती नदी से हुए नुकसान से अवगत कराया। शिष्टमंडल ने उप जिलाधिकारी को बताया कि थराली में 13 अगस्त को प्राणमती नदी में आए उफान से 200 नाली से अधिक कृषि भूमि नष्ट हो गई है। और कुछ लोगों के आवासीय भवन भी क्षतिग्रस्त हो गए है। कुछ आवासीय भवन खतरे की जद में है। ऐसे में प्राणमति नदी के दोनों किनारों पर सुरक्षा दीवार बनाई जानी जरूरी है। प्राणमती नदी पर बना पुल भी बह गया है। पुल के बह जाने से 2000 से अधिक की आबादी का जनसंपर्क तहसील मुख्यालय से कट गया है। शिष्टमंडल में भाजपा मंडल अध्यक्ष नंदू बहुगुणा, महामंत्री महिपाल भंडारी,नगर पंचायत पार्षद कृष्ण पाल गुसाई, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख सुरपाल सिंह रावत, ग्राम समिति के अध्यक्ष कुंवर सिंह रावत, पूर्व प्रधान मोहन बहुगुणा, सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश चंदोला, गंगा सिंह बिष्ट आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

## रविन्द्र ने जीता गोल्ड मेडल, लोगों ने जताई खुशी

श्रीनगर गढ़वाल : नेशनल स्पोर्टस फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा रंगशाला स्टेडियम पोखरा नेपाल में आयोजित इंडो नेपाल इंटरनेशनल चैंपियनशिप में क्यारी नगुण के रविंद्र राणा पुत्र भीम सिंह राणा द्वारा ऐथलीट प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने पर कांग्रेस नेता रामलाल नौटियाल सहित स्थानीय लोगों ने खुशी जताई है। कहा रविंद्र ने कठिन परिस्थितियों में मेहनत कर खेलों में यह कीर्तिमान हासिल कर पूरे देश का नाम रोशन किया है। खुशी जताने वालों में कमल सिंह राणा,हुकुमदास, बचन दास, अंकिता नौटियाल, सीता रावत आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## पोस्टर के माध्यम से किया लोगों को नेत्रदान के लिए जागरूक

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के नेत्र रोग विभाग के तत्वाधान में एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के तहत नेत्रदान के महत्व पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। नेत्रदान के लिए बेहतर जागरूकता पोस्टर बनाने वाली टीम को सम्मानित भी किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में पहले स्थान पर अंशिका राणा, अनुपम रावत, अपर्णा, आयुषी, दीपिका जखवाल की टीम रही। जबकि दूसरे स्थान पर दीपांजलि, दीपिका चौहान, देविका सैनी तथा तीसरे स्थान पर शिवांगी प्रज्ञा मिश्रा, शिवानी, शोभा, श्रेया नौटियाल, श्रेया थपलियाल की टीम रही। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाने वाले त्वचा रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.दीपक डिमरी, डॉ. रतन एवं रेडियोलॉजी विभाग की एचओडी डॉ. ज्योति जोशी ने छात्रों द्वारा नेत्रदान को लेकर बनाए गए जागरूकता पोस्टरों की सराहना की। कहा आंखें न सिर्फ हमें रोशनी देती हैं, बल्कि हमारे मरने के बाद वह किसी और की जिंदगी में उजाला भी भर सकती हैं, इसलिए हम सभी दूसरे साथियों के लिए उजाला बनने का कार्य कर सकते हैं।


**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, अस्थाई निर्माण ईकाई, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, 102 कण्डोलिया, देवप्रयाग मोटर मार्ग, क्यूॅकालेश्वर पौड़ी गढ़वाल 246001**

दूरभाष :- 01368-297410

ई मेल :- pm.projectmanager2@gmail.com

पत्रांक 920 / जी0-5 / 62 दिनांक - 28/08/2023

**निविदा/विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है जिलाधिकारी, पौड़ी गढ़वाल के आदेश सं0 85/27-ए0जे0ए0-(2023) दिनांक पौड़ी 24 अगस्त 2023 के द्वारा ध्वस्तीकरण की स्वीकृति के अनुसार विकास खण्ड खिर्सू के अन्तर्गत खाद्य प्रसंस्करण कार्यालय श्रीनगर के एक जीर्ण-शीर्ण भवन के ध्वस्तीकरण एवं मलवा हटाने हेतु सार्वजनित निविदा के माध्यम से दिनांक 04.09.2023 अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निलामी इसी दिन अपरान्ह 2.00 बजे न्यूनतम धनराशि रू0 3200.00 से प्रारम्भ की जायेगी। निविदा के सन्दर्भ में विस्तृत जानकारी/शर्ते किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। विशेष परिस्थितियों में निविदा अस्वीकृत करने का अधोहस्ताक्षरी को पूर्ण अधिकार होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | विकास खण्ड खिर्सू के अन्तर्गत खाद्य प्रसंस्करण कार्यालय श्रीनगर के एक जीर्ण-शीर्ण भवन का ध्वस्तीकरण। | 15000.00 | 11.09.2023 |

(नवनीत कटारिया)
परियोजना
प्रबन्धक

सम्पादकीय

# समय से पहले चुनाव के संकेत

घेरलू से गैस सिलेंडर में एक बड़ी राहत देने की घोषणा सरकार की ओर से की गई है। घेरलू एलपीजी में २०० रुपए तक की कमी गए हैं जबकि उज्जवला योजना के तहत यह राहत दुगनी हो जाएगी। महंगाई को लेकर सरकार जिस प्रकार से सक्रिय होती नजर आई है उससे आप कहीं ना कहीं संकेत मिलते हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव अब ज्यादा दूर नहीं रह गए हैं। चंद्रयान 3 के मिशन के बाद एलपीजी सिलेंडर में रियायत का यह फैसला निश्चित तौर पर संकेत देता है कि भाजपा ने लोकसभा चावन की तैयारी शुरू कर दी हैं। विपक्ष भी इस भाजपा की चाल से अनभिज्ञ नहीं है और उसे भी यह गुमान हो चुका है कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी हैं। वैसे भी भाजपा चाहती है कि किसी तरह समय से पहले लोकसभा चुनाव करा लिए जाए और इसी के तहत सरकार अपनी उपलब्धियां को गिराने के साथ–साथ नहीं घोषणाएं करने की महिम पर निकल पड़ी है। जिस प्रकार से एकाएक मोदी सरकार अपनी 9 साल की उपलब्धियां का पिटारा लेकर प्रचार के रास्ते पर निकली है उसे विपक्ष के खेमे में हलचल साफ नजर आने लगी है। भाजपा न केवल लोकसभा चुनाव, बल्कि लोकसभा चुनाव से पूर्व महंगाई पर राहत के साथ दूसरे मुद्दों पर जनता के हितों में कार्य करते हुए माहौल बनाकर चार राज्यों के चुनाव कराने के लिए भी हुंकार भर सकती है। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी तो खुले आम यह घोषणा कर रही है कि भाजपा दिसंबर में लोकसभा चुनाव करना चाहती है और इसके लिए भाजपा ने बड़े पैमाने पर प्रचार के लिए हेलीकॉप्टर बुक कराए हैं। वे अपनी रेलिया के माध्यम से भाजपा को नफरत फैलाने वाली पार्टी के तौर पर प्रोजेक्ट कर रही है जबकि भारतीय जनता पार्टी अपनी 9 साल की उपलब्धियां के साथ–साथ घेरलू सिलेंडरों की कीमतों में कटौती करके आम आदमी की रसोई तक घुसने का प्रयास कर रही है।

हालांकि पिछले 9 वर्षों में महंगाई ने जिस प्रकार से आम आदमी की कमर तोड़ी है, उस पर मरहम लगाने में भारतीय जनता पार्टी को कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। ममता बनर्जी एवं नीतीश कुमार ने समय से पहले आम चुनाव होने की संभावनाएं व्यक्त कर दी है और इन दोनों नेताओं की यह संभावना विपक्ष को अपनी तैयारी के लिए लामबंद करने का भी काम करेंगे। आम चुनाव की घोषणा से पहले भारतीय जनता पार्टी राम मंदिर के उद्घाटन की तैयारी में भी है ताकि राम मंदिर का मुद्दा पूरी तरह से भुनाया जा सके। विपक्षी ताकत के बड़े नाम वाले यह दोनों नेता दिसंबर में आम चुनाव पर संभावनाएं जाता रहे हैं, जबकि राम मंदिर का उद्घाटन जनवरी 2024 में होना प्रस्तावित है। इन परिस्थितियों में भाजपा दिसंबर माह में चुनाव करने जैसा जोखिम उठाएगी इसकी संभावनाएं कम ही है। इन परिस्थितियों में यह माना जा सकता है कि भाजपा राम मंदिर उद्घाटन के बाद लोकसभा चुनाव की घोषणा करने का मन बना सकती है। इन परिस्थितियों में जनवरी अंत या फरवरी की शुरुआत में लोकसभा चुनाव संपन्न कराए जा सकेंगे



# चीनः बेताल पचीसी !

**दोषी शी जिन पिंग या बीजिंग का सत्ता वर्ग नहीं है बल्कि 150 करोड चीनियों की मनोदशा की वह विरासत है जिसमें बच्चों को स्कूली शिक्षा से (गुआक्सो) ईसा पूर्व वाले संस्कार पैठाए जाते है. मतलब मानव धर्म है आज्ञा की पालाना। मनुष्य स्वतंत्रता और अधिकार बाद में तथा पहले कर्तव्यकारी और आज्ञाकारी होना। यही है सिनालॉजी का सारतत्व। मतलब चीनी सभ्यता–संस्कृति की प्रकृति, उसकी बुनावट का सार! कंफ्यूशियस ने भी चीनी लोगों के बाड़े में जिंदगी जीने के लिए वैयक्तिक जीवन को उसके परिवेश की दुनिया में जैसे गुथा है वही जड़ दिमाग की वजह है।**

**हरिशंकर व्यास**

चीन दुनिया की पहेली है। एक ऐसी पहेली जिसमें मनुष्य बुनियादी तौर पर व्यवहार में भला है मगर तब जब वह आज्ञापालक हो। मतलब वह पिंजरे का अनुशासन लिए हुए हो। स्वतंत्रता बाद में पहले ड्यूटी। पहले आज्ञाकारी फिर अधिकार का हकदार। वैयक्तिकता बाद में पहले कम्युनिटी। संघर्ष बाद में पहले हारमनी, सांमजस्यता! मनुष्य की यह तासीर 'गुआक्सो' जुमले में अभिव्यक्त है। चीन में गुआक्सों वह विषय, वह आईडिया, वह रट्टा है जिसे चाहे तो चीनी मनोदशा या उसकी बुनियाद कह सकते है। मेरी धारणा है कि इसी से ड्रेगन वाली खूंखार तासीर और इतिहास की सभ्यतागत की खुरापाते है। निश्चित ही चाईनीज राजवंशों की इतिहास में वैश्विक डुगडुगी है। लेकिन सबका आधार गुआक्सो प्रवृति का पालतू मानव। चाईनीज सभ्यता के इतिहास में भी वह स्पार्क, वह पुर्नजागरण, सौ फूल खिलने की वे क्रांतिया कहा है जिससे मानव स्वतंत्रता को पंख लगा हो। कौम के नए अनुभव हो। ज्ञान–विज्ञान और सत्य शोध की बुद्धी विकसित हुई हो।

समकालीन समझ में जो लोग चीन को विकसित तथा मनुष्य कल्याण का रोल मॉडल मानते है या उसके विश्व की औद्योगिक फैक्ट्री होने से गौरवान्वित है वे इस सच्चाई से बेखबर है कि चीन, बेताल पचीसी का वह कपटी तांत्रिक और साधू है जिसकी माया अंततः छली और नकली साबित होगी। पिछले पचहतर वर्षों पर गौर करें। क्या यह सत्य नहीं है कि न माओ की क्रांति से लोगों का, दुनिया का भला हुआ और न देंग शियाओं पिंग व शी जिन पिंग की लालपूंजीवादी रीति–नीति ने लोगों की मनुष्य गरिमा बनाई। चीन में क्या है किसी व्यक्ति की स्वतंत्र बुद्धी या गरिमा की औकात?

माओ त्से तुंग ने भी अपनी ताकत, अपने प्रयोगों का जलवा बनाया। उनके बाद देंग शियाओ पिंग ने पूंजीवाद का तंत्र–मंत्र अपनाया। पूंजीवादी तौर तरीकों की नकल से चीन का नया तांत्रिक चौगा बनाया। इसके बूते उपलब्धियों के तमाम झंडे गाढ़े। लेकिन क्या वह सब क्रूरता और नकल से नहीं था? और फिर वैश्विक महामारी कोविड का वायरस फूटा तो बतौर राष्ट्र–राज्य, सभ्यतागत आचरण में उसका क्या व्यवहार था? चीनी व्यवस्था ने अपने ही लोगों के साथ क्या व्यवहार किया? याद करें महामारी के वक्त चाईनीज लोगों के साथ प्रशासन का कैसा सलूक था। मनुष्यों को भेड–बकरी की तरह पकड़ कर बाड़ों में ठूसा गया या उन पर वैक्सीन लगी। उन्हे आंतकित–प्रताडित किया गया। महामारी की विपदा में दुनिया में मनुष्यों के साथ सर्वाधिक पशुगत व्यवहार की जगह चीन था। राष्ट्रपति शी जिन पिंग, उनकी कम्युनिस्ट पार्टी और तंत्र–सिस्टम न अपने लोगों के साथ सही सलूक करते हुए थे और न अंदरूनी और वैश्विक तौर पर जवाबदेह थे।

दोषी शी जिन पिंग या बीजिंग का सत्ता वर्ग नहीं है बल्कि 150 करोड चीनियों की मनोदशा की वह विरासत है जिसमें बच्चों को स्कूली शिक्षा से (गुआक्सो) ईसा पूर्व वाले संस्कार पैठाए जाते है. मतलब मानव धर्म है आज्ञा की पालाना। मनुष्य स्वतंत्रता और अधिकार बाद में तथा पहले कर्तव्यकारी और आज्ञाकारी होना। यही है सिनालॉजी का सारतत्व। मतलब चीनी सभ्यता–संस्कृति की प्रकृति, उसकी बुनावट का सार! कंफ्यूशियस ने भी चीनी लोगों के बाड़े में जिंदगी जीने के लिए वैयक्तिक जीवन को उसके परिवेश की दुनिया में जैसे गुथा है वही जड़ दिमाग की वजह है। तभी तो माओं या शी जिन पिंग, कम्युनिस्ट पार्टी का जो शंखनाद वही फिर समाज का उदघोष। उसका टारगेट। इसके सामने व्यक्ति और वैयक्तिक स्वतंत्रता सब बेमानी। चीनी नागरिक को अपनी बुद्धी और स्वतंत्रता को अपने नेता व मालिक को सुपुर्द करना ही है। यों कंफ्यूशियस दर्शन में कई मनभावक सत्य है लेकिन चीन के राजवंशों व साम्राज्यों ने इंसान को उसके हवाले भी प्रजा को जैसो कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित बनाया है तो उससे समाज का कभी मशीनीकरण हुआ या तो कभी अफ्रीमीकरण।

तभी हर अनुभव, हर प्रयोग और हर समय का आखिर में एक जैसा हश्र। 1978 में चीन विश्व आर्थिकी से बाहर तथा अछूत था। अमेरिकी राष्ट्रपति निक्शन व उनके विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर ने दिमाग की स्वतंत्र फितरत, अपने अमेरिकी स्वार्थ में चीन पर हाथ रखा। उसका अछूतपना खत्म किया। उसे पूंजी, तकनीक और मशीन दी और चीन की सस्ती–अनुशासित श्रम शक्ति से विश्व आर्थिकी की उत्पादकता बढ़ाई। अमेरिका और पश्चिमी सभ्यता के लिए एक सस्ती औद्योगिक फैक्ट्री बनी। निक्सन, रोनाल्ड रीगन, माग्ररेट थेचर आदि पश्चिमी नेताओं को गलतफहमी थी की पूंजीवादी मलाई से लोग और समाज आजाद ख्याल बनेगें। वक्त धीरे–धीरे चीन को लोकतंत्र की और ले जाएगा।

जो हो, पश्चिम के पारस से कंगले–भूखे चीन का कायाकल्प हुआ। वह सुनहरा होने लगा। कोई अस्सी करोड लोग भयावह गरीबी से ऊपर उठे। चीन सफलता की वैश्विक कहानी बना। औद्योगिक उत्पादन, निर्यात, विदेश व्यापार और विदेशी निवेश से अर्जित सरकारी मुनाफे व राजस्व से चीन विश्व अर्थव्यवस्था का कुबेर बना।

मगर चीन की मनोदशा में, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी, राष्ट्रपति शी जिन पिंग, बीजिंग के प्रभु वर्ग में इसका अलग ही अर्थ थी। वह इससे इस गुमान में आया है कि हम मिडिल किंगडम' याकि झोंगजुओ की वह वैश्विक धुरी जिससे बर्बर–हिंसक लोगों से बचने का पथ मार्ग। हमारी नस्ल–खास जिसने वह कर दिखाया जो समकालीन दुनिया में दूसरा कोई नहीं कर सका।

तभी राष्ट्रपति शी जिन पिंग ने अपनी कथित महानता के साथ चीन की महानता की जुगलज़ोडी में ताउम्र राष्ट्रपति बनने का काम किया। अमेरिका से प्रतिस्पर्धा का रोड़मैप बनाया। सो परिणाम वही जो पिछली सदी में भी कई जगह देखने को मिला। सोवियत संघ महान होते–होते क्या आज पुतिन की कमान में दुनिया का मवाली देश नहीं है? मेरा मानना है कि पिछसे सवा सौ सालों में हर उस नस्ल और देश के हाथों शक्ति और समद्धि का वरदान ईश्वर–प्रकृति ने छीना है जिसके शासकों ने अंहकार में अपने को भस्मासुर बनाया। फिर भले वह हिटलर रहा हो यो तमाम तरह के कम्युनिस्ट शासक और निरंकुश शासन व्यवस्थाएं।

सचमुच सोचने वाली बात है कि कौन सी नस्ल और कितने देश है जो विचारधारा या हिटलरी तासीर की कमान से समद्धी और स्थिरता का सतत जिंदादिल सफर लिए हुए है?

पश्चिम के कारण चीन विकास, समद्धि का गतिमान आदर्श देश बना! लेकिन अब आगे की क्या दिशा? जिस आर्थिकी से चीन फूलता हुआ था वही पिचकती हुई है। ये भविष्यवाणियां दमदार है कि राष्ट्रपति शी जिन पिंन कितने ही हाथ–पांव मारे, चीन मंदी की और है। सबकुछ गडबडाता हुआ है। प्रापर्टी और इंफ्रास्ट्रक्चर लायबिलिटी हो गए है। तमाम तरह की सरकारी कंपनियों का कर्ज सकल घरेलू उत्पाद से अधिक 300 प्रतिशत है। 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' की माने तो चीन का चालीस साल पुराना विकास मॉडल 'चरमराता' हुआ है। चीन बहुत धीमी वृद्धि के युग में प्रवेश कर रहा है। प्रतिकूल जनसांख्यिकी और पश्चिमी देशों से बढ़ती दूरियों से स्थिति लगातार खराब होते हुए है। इसका विदेशी निवेश व व्यापार पर सीधा असर है। कोलंबिया विश्वविद्यालय में आर्थिक संकटों के विशेषज्ञ–इतिहासकार एडम टोजे के अनुसार– हम आर्थिक इतिहास के सबसे नाटकीय बदलाव को देख रहे हैं।

जाहिर है चीन का जैसे नाटकीय विकास था वैसे ही आगे गिरावट के नाटकीय बदलाव देखने को मिलेंगे। यदि ऐसा है तो जाहिर है चीन की कम्युनिस्ट पार्टी और राष्ट्रपति शी जिन पिंग भी अपने हाथों गलत, उलटे फैसले करते हुए है। एक वक्त था जब चीन की सफलता के साथ तकनिकी–आईटी–डिजिटल कंपनियों के नित नए सुपरस्टारों के नाम सुनने को मिलते थे। उद्यमी रोल मॉडल थे तो टेक्नोक्रेट आर्थिकी और सफलताओं के निर्णयकर्ता। लेकिन महामारी के समय से चीन से निज पुरषार्थ या वैयक्तिक बुद्धी की सफलताओं की कहानियां लुप्त होते हुए है। महानगरों में पैसे वाला वह खरीदार भी गायब है जिनसे कभी प्रोपर्टी बूम था। चीन की आर्थिकी स्वदेशी मांग–आपूर्ति का जो दम लिए हुए थी वह घटता हुआ है।

सो यह नाटकीय बदलाव ही है जो विदेश से खरीद के घटते हुए आर्डर तो देश के भीतर भी खरीददार नहीं। कैसी अकल्पनीय बात है जो चीन की अपनी फैक्ट्री में बनी बैटरी चालित कारों के इलन मस्क दाम–दाम बार–बार घटा रहे है लेकिन गाडियां फिर भी बिक नहीं रही। उस नाते चीन की वही दशा है जो भारत की छोटे स्तर पर है। दोनों का यह सकंट है कि कुल आबादी में अच्छी क्रयशक्ति वाले परिवार पहले से ही कम है तो आर्थिक बदहाली से आई मंदी में ग्राहक जुटे तो कहां से जुटे? भारत में भी सुरसा जैसे खर्च से जैसे प्रोपर्टी और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की झाकिया बनी है लेकिन इस्तेमाल कम है तो इससे सैकडो गुना अधिक अनुपात में चीन का बना ढ़ाचा भारी बोझ साबित होता हुआ है। उसके बूते चक्रवर्ती मुनाफा तो दूर रखरखाव का बेसिक खर्चा भी निकल नहीं पा रहा।

बुनियादी मुद्दा है कि पूंजीवादी देशों की मानव स्वतंत्रता के पारस पत्थर से चीन ने अपने को जैसा चमकाया वह सब कम्युनिस्ट पार्टी, शी जिन पिंग के अंहकार और चाईनीज सभ्यता की बुनियादी तासीर से गुडगौबर हो रहा है। निश्चित ही दुनिया के लिए अगले दस साल चीन के नाटकीय गिरावट के होंगे? विश्वास नहीं होता?ज् कोई बात नहीं, समय चीन की उडान के क्रैस की कहानी सुनाते हुए होगा।

# बहुत तेजी से वजन कम करना चाहते हैं तो इन खतरों को भी जान लीजिए, सेहत पर बहुत खतरनाक हो सकते हैं इसके दुष्प्रभाव



आज के जमाने से वेट लॉस सबसे पॉपुलर शब्द बन गया है. फिट रहने और बैली फैट से छुटकारा पाने के लिए लोग अक्सर वेट लॉस के नए नए तरीके खोजते रहते हैं. तरह तरह की डाइट, जिमिंग और एक्सरसाइज के जरिए लोग तेजी से वजन कम करके स्लिम दिखना चाहते हैं. हालांकि वजन कम करना अच्छी बात है लेकिन तेजी से वजन करना आपकी सेहत के लिए ही नुकसानदेय साबित हो सकता है. हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि हर कोई चाहता है कि चंद दिनों में ही वजन कम हो जाए, बाजार में भी तेजी से वजन कम करने के दावे करने वाले बहुत सारे प्रोडक्ट हैं. लेकिन ये फायदे की बजाय नुकसान भी पहुंचा सकते हैं. चलिए जानते हैं कि तेजी से वजन कम करने पर आपकी हेल्थ पर क्या असर हो सकता है और साथ ही ये भी जानिए कि वजन कम करने का सही फार्मूला क्या है.

**तेजी से वजन कम करने के होते हैं ये नुकसान**

तेजी से वजन कम करने की जद्दोजहद में लोग खाना पीना तक छोड़ देते हैं. जब लोग तेजी से वजन कम करने का कोशिश करते हैं तो पोषण की कमी के चलते शरीर में पानी की कमी बहुत तेजी से होती है. पानी की कमी ज्यादा होने पर मांसपेशियों को नुकसान पहुंचता है और आप जल्द ही बीमार पड़ सकते हैं.

इसके अलावा तेजी से वजन कम करने पर मेटाबॉलिज्म पर भी बुरा असर पड़ता है. दरअसल रोज भोजन करने और पचाने की दर का मेटाबॉलिज्म पर असर पड़ता है. अगर तेजी से वजन कम करने के चक्कर में आप कम कैलोरी वाला खाना खाएंगे तो मेटाबॉलिज्म कमजोर हो जाएगा और आपके हार्मोन्स पर भी बुरा असर पड़ेगा. तेजी से वजन कम करने का तीसरा बुरा असर पथरी के रूप में होता है. इससे पित्ताशय में पथरी होने का खतरा बढ़ सकता है.

**वजन कम करने का क्या है सही तरीका**

हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि तेजी से वजन कम करने की बजाय एक सही गति या फिर धीमी गति से वजन कम करना शरीर के लिए फायदेमंद साबित होता है. एक हफ्ते में 400 ग्राम से एक किलो वजन घटाना काफी होता है. यानी आपकी डाइट, एक्सरसाइज और वेट लॉस के अन्य प्रयास इस तरह होने चाहिए कि एक सप्ताह में आप 400 ग्राम से एक किलो वजन घटा सकें. इससे ज्यादा वजन घटाने की कोशिशें आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है.

# कैदी ट्रंप अपने मगशॉट को भुनाते हुए

**श्रुति व्यास**

क्या किसी कैदी का मगशॉट वायरल हो सकता है? क्या कभी किसी ने अपने मगशॉट को भुनाने की कोशिश की है? मगशॉट का अर्थ है अमेरिका में गिरफ़्तारी के बाद आरोपी के चेहरे का लिया गया फोटो। मगर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कोई मामूली मुलजिम नहीं हैं। कैदी नंबर पी01135809, संयुक्त राज्य अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति हैं। जाहिर है अमेरिका के सिस्टम में किसी के लिए रियायत नहीं है। और ट्रंप के दौर में तो वाकई सब कुछ मुमकिन है। एक पूर्व राष्ट्रपति जेल जा सकता है। मगर साथ ही वह दुबारा राष्ट्रपति बनने की दौड़ में शामिल भी रह सकता है और यही नहीं, वह जेल में ली गई अपनी फोटो का इस्तेमाल चुनाव प्रचार के लिए कर सकता है!

कोई भी सामान्य व्यक्ति अपना मगशॉट लिए जाने से अपमानित महसूस करेगा। अपना मुंह छुपाता फिरेगा। फिर ट्रम्प तो ऐसे पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन पर चार आपराधिक मामलों में 91 आरोप लगाए गए और जिनका जेल में एक कैदी के तौर पर फोटो लिया गया। लेकिन ट्रंप सबसे अलग हैं। वे खुले आम और बड़े चाव न गर्व से अपनी बेशर्मी का प्रदर्शन कर रहे हैं। वे अपनी इस तस्वीर के साथ ट्विटर (जो अब एक्स है) पर दुबारा आ गए हैं। इस फोटो का उपयोग वे अपने चुनाव अभियान के लिए चंदा उगाही के लिए कर रहे हैं और उसे कपड़ों, मगों वगैरह पर छपवा रहे हैं। उनके लिए मगशॉट एक मैडल है, जिसे शान से सब को दिखाया जा सकता है और दिखाया जाना चाहिए।

हम चाहे इसे कितना ही नापंसद क्यों न करें पर ट्रंप और उनकी टीम मानते हैं कि बदनाम हुए तो क्या हुआ, नाम तो हुआ। वे नकारात्मक प्रचार को भी सकारात्मक मानते हैं। इस मुद्दे पर उन्होंने इतना शोर मचाया कि 91 आरोपों के बावजूद ट्रम्प राष्ट्रपति बनने की दौड़ में एक बार फिर सबसे आगे निकल गए। ट्रंप जेल में अपना मगशॉट लिए जाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और उसके लिए तैयार थे। फोटो खींचे जाते समय चेहरे पर कैसे भाव होने चाहिए,



**ट्रंप ने मगशॉट के आसपास ऐसा नेरेटिव बुना जिससे उन्हें खूब फायदा हुआ। फुल्टन काउंटी के जेल में गुरूवार की रात आत्मसमर्पण के लिए ऐसा समय चुना गया जिससे उन्हें ज्यादा से ज्यादा मीडिया कवरेज मिले। उन्होंने टीवी चैनलों पर प्राईमटाईम ख़बरों के प्रसारण के ठीक पहले आत्मसमर्पण किया। उनके समर्थक वहां मौजूद थे और दुनिया भर का मीडिया उनकी गिरफ़्तारी का छोटे से छोटा विवरण दे रहा था। माहौल जुनून भरा था और ट्रंप को इससे कितना फायदा हुआ इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि फोटो लिए जाने के बाद से ट्रंप को चुनाव अभियान के लिए 71 लाख डालर मिल चुके हैं। पोलिटिको के अनुसार अकेले शुक्रवार को उनकी झोली में 41।80 लाख डालर आए जो उनके चुनाव अभियान के दौरान 24 घंटे में मिली सबसे बड़ी रकम है।**

इस पर पर्याप्त चिंतन–मनन हो चुका था। हम जानते हैं कि सही कपड़ों और चेहरे पर सही भावों की प्रचार में कितनी अहम भूमिका होती है। अप्रैल में ट्रंप के नकली मगशॉट छपी एक टीशर्ट बाज़ार में उतारी गयी ताकि यह अंदाजा लगाया जा सके कि लोगों कि इस पर क्या प्रतिक्रिया होती है। अंततः जब 24 अगस्त को ट्रंप ने जार्जिया की फुल्टन काउंटी में आत्मसमर्पण किया और पुलिस ने उनकी फोटो खींची तब उनके हाव–भाव बिल्कुल वैसे ही थे जिनके लिए वे जाने जाते हैं झ गुस्से से फूला चेहरा, तिरछी भौंहें और एकटक कैमरे की ओर देखते हुई आंखें।

ट्रंप ने मगशॉट के आसपास ऐसा नरेटिव बुना जिससे उन्हें खूब फायदा हुआ। फुल्टन काउंटी के जेल में गुरूवार की रात आत्मसमर्पण के लिए ऐसा समय चुना गया जिससे उन्हें ज्यादा से ज्यादा मीडिया कवरेज मिले। उन्होंने टीवी चैनलों पर प्राईमटाईम ख़बरों के प्रसारण के ठीक पहले आत्मसमर्पण किया। उनके समर्थक वहां मौजूद थे और दुनिया भर का मीडिया उनकी गिरफ़्तारी का छोटे से छोटा विवरण दे रहा था। माहौल जुनून भरा था और ट्रंप को इससे कितना फायदा हुआ इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि फोटो लिए जाने के बाद से ट्रंप को चुनाव अभियान के लिए 71 लाख डालर मिल चुके हैं। पोलिटिको के अनुसार अकेले शुक्रवार को उनकी झोली में 41।80 लाख डालर आए जो उनके चुनाव अभियान के दौरान 24 घंटे में मिली सबसे बड़ी रकम है।

ट्रंप की कोशिश यह है कि उनके समर्थकों को यह यकीन हो जाए कि उन्हें फंसाया जा रहा है। वे अपने नजदीकी लोगों से बातचीत के दौरान यह स्वीकार भी करते हैं कि इन कानूनी पचड़ों से उन्हें सियासी फायदा मिल रहा है। उन्होंने अलबामा में एक डिनर में कहा, ''जैसे ही मेरे खिलाफ कोई नया अभियोग दाखिल होता है, चुनाव में हमारी स्थिति और बेहतर हो जाती है। बस एक अभियोग और और हमारा काम बन जायेगा, हम चुनाव जीत जाएंगे।।।किसी और के लिए कोई चांस ही नहीं है"। इसमें कोई संदेह नहीं कि ट्रंप का मगशॉट लिए जाने और उन पर मुकदमे का जिक्रइतिहास की किताबों में होगा। बड़ा सवाल यह है कि इसके विवरण में क्या लिखा होगा झ इससे ट्रम्प के राजनैतिक जीवन के अंत की शुरुआत हुई या इसने उनकी राजनीति में नयी जान फूंकी। क्या यह फोटो 2024 में उनके चुनाव जीतने में मददगार होगी? ऐसा लग रहा है कि ट्रंप जीत सकते हैं और अगर ऐसा होता है तो वे वह कर दिखाएंगे जो आज तक किसी ने नहीं किया। अमरीका में सब कुछ और कुछ भी मुमकिन है!

# कमर दर्द की समस्या से हमेशा रहते हैं परेशान ? अपने आहार में जरूर शामिल करें ये 6 चीजें

कमर में दर्द होना आजकल एक आम समस्या हो चली है. इन दिनों ज्यादातर लोग पीठ दर्द की समस्या का सामना कर रहे हैं. ऑफिस में घंटों-घंटों बैठकर काम करने और गलत पोजिशन में बैठने की वजह से लोगों में यह दिक्कत बढ़ रही है. इसके अलावा, अनहेल्दी खानपान और शरीर में पोषक तत्वों की कमी भी इसकी कुछ वजहें हैं. कमर दर्द से राहत पाने के लिए एक्सपर्ट हमेशा एक्सरसाइज करने की सलाह देते हैं. क्योंकि इससे न सिर्फ मसल्स को आराम मिलेगा, बल्कि शरीर के विभिन्न हिस्सों में होने वाले दर्द से भी राहत मिलेगी.

एक्सरसाइज के अलावा, आपको अपने खानपान पर भी खास ध्यान देना होगा और भोजन में उन पोषक तत्वों से भरपूर चीजों को शामिल करना होगा, जो दर्द से राहत प्रदान कर सकते हैं. आज हम आपको कुछ ऐसे खाद्य पदार्थों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको खाने से आपको दर्द से राहत मिल सकती है.

1. ओमेगा–3 फैटी एसिडः अगर आपको अक्सर कमर में दर्द की परेशानी रहती है तो आपको ओमेगा–3 फैटी एसिड से भरपूर भोजन का सेवन करना चाहिए. आपको बादाम, अखरोट, चिया बीज, अलसी के बीज और मछली का सेवन करना चाहिए. क्योंकि इनमें ओमेगा–3 फैटी एसिड अच्छी खासी मात्रा में पाया जाता है. इसके



अलावा, आप खाना बनाने के लिए सरसों के तेल और जैतून के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं. इससे आपको दर्द से राहत मिल सकती है.

2. एंटी इंफ्लेमेटरी फूड्सः दर्द को कम करने में एंटी इंफ्लेमेटरी फूड भी आपकी काफी मदद कर सकते हैं. आपको अपने किचन में ही ऐसे कई मसाले मिल जाएंगे जिनमें एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जैसे– दालचीनी, लाल मिर्च और अदरक आदि. इसके अलावा, हल्दी भी एक ऐसा मसाला है, जो जोड़ों के दर्द को कम करने में सहायक हो सकता है.3. प्रोटीन फूडः शरीर में प्रोटीन की कमी की वजह से कई बार दर्द की समस्या पैदा हो जाती है. इसलिए अपनी डाइट में प्रोटीन से भरपूर भोजन (अंडे, दूध, दाल आदि) को शामिल करें.4. हरी सब्जियांः दर्द से राहत पाने के लिए, आप हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन भी कर सकते हैं, जैसे– फूलगोभी, ब्रोकोली, पालक और पत्तागोभी आदि. इनमें विटामिन ए, विटामिन सी और विटामिन के भी कुछ मात्रा में पाया जाता है. इसके अलावा, एक सल्फोराफेन नाम का कंपाउंड भी पाया जाता है, जो दर्द से राहत दिलाने का काम करता है. 5. जड़ वाली सब्जियांः आप दर्द से राहत पाने के लिए जड़ वाली सब्जियों का सेवन भी कर सकते हैं, जिनमें चुकंदर, गाजर और कद्दू आदि शामिल हैं.

# कोई डांस कोरियोग्राफर, तो किसी ने गांड़े हैं राजनीति की दुनिया में झंडे, इन क्रिकेटर्स की बहनों का है जलवा



नई दिल्ली, भाई–बहन का रिश्ता सबसे खास होता है। बचपन में भले ही इस रिश्ते में काफी झगड़ते होते हों, लेकिन इस रिश्ते में प्यार भी भरपूर होता है। हर बहन अपने भाई की कामयाबी की दुआ मांगती है। हालांकि, आजकल के दौर में बहन भी करियर में भाई से कंधे से कंधे मिलाकर आगे बढ़ रहीं हैं और सफलता के नए आयाम छू रही हैं। रक्षाबंधन के त्योहार पर आइए आपको ऐसे ही पांच क्रिकेटर्स की बहनों से मिलाते हैं, जिनका अपने करियर में जलवा है।

1. सोशल मीडिया पर है पंत की बहन का जलवा

टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की बहन का नाम साक्षी पंत है। साक्षी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं और उनके इंस्टाग्राम पर काफी फॉलोअर्स हैं। साक्षी आए दिन सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करती रहती हैं, जिसको फैन्स काफी पसंद भी करते हैं।

2. डांस में अय्यर की बहन का जवाब नहीं

भारतीय टीम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की बहन श्रेष्ठा अय्यर का डांस में कोई जवाब नहीं है। श्रेष्ठा डांस कोरियोग्राफर हैं और वह लोगों को डांस सिखाने का काम करती है। वह अक्सर ही अपने सोशल मीडिया पर भी अपने डांस मूव्स का वीडियो शेयर करती रहती हैं।

3. कोहली की बहन संभालती है बिजनेस

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली की बहन भावना कोहली बिजनेसमैन हैं। भावना विराट के बिजनेस को ही संभालती हैं और उनकी देखरेख में कोहली का कारोबार दिन दुगनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। विराट अपनी बहन के काफी करीब भी माने जाते हैं।

4. बुमराह की बहन हैं टीचर

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बहन जूहिका बुमराह पेशे से एक टीचर हैं। जसप्रीत को क्रिकेट की दुनिया में आगे बढ़ाने में बहन जूहिका का अहम रोल भी रहा था। बता दें कि बुमराह की मां भी टीचर रह चुकी हैं।

5. नेता हैं सहवाग की बहन अंजू

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग की बहन अंजू आम आदमी पार्टी में नेता हैं। अंजू ने साल 2021 में आप पार्टी को जॉइन किया था। वह इससे पहले कांग्रेस में भी रह चुकी हैं। अंजू दिल्ली के मदनगीर से पार्षद भी रही थीं।

# श्रीलंका टीम का एलान, चोट के चलते चार अहम खिलाड़ी बाहर

नई दिल्ली, एशिया कप 2023 के आगाज से एक दिन पहले श्रीलंका ने अपनी 15 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। डिफेंडिंग चैंपियन अपने अहम खिलाड़ियों की इंजरी से जूझ रही है और टीम चार बड़े प्लेयर्स के बिना टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। लंका प्रीमियर लीग में बल्ले और गेंद दोनों से धमाल मचाने वाले वानिंदु हसरंगा चोट के चलते टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे हैं।

एशिया कप के लिए श्रीलंका टीम का एलान

डिफेंडिंग चैंपियन श्रीलंका ने एशिया कप 2023 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। टीम अपने मुख्य खिलाड़ियों की इंजरी से परेशान है और यही वजह है कि श्रीलंका ने अपने स्क्वॉड का एलान टूर्नामेंट के आगाज से महज एक दिन पहले किया है। कुशल परेरा की वनडे टीम में दो साल बाद वापसी हुई है, लेकिन वह फ्लू से उबरने के बाद टीम से जुड़ेंगे।

चार अहम खिलाड़ी बाहर

एशिया कप 2023 में श्रीलंका अपने चार मुख्य खिलाड़ियों के बिना टाइटल डिफेंड करने मैदान पर उतरेगी। वानिंदु हसरंगा जांघ में स्ट्रेन से उबर रहे हैं और इस वजह से वह टूर्नामेंट में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। वहीं, तेज गेंदबाज दुश्मन्था चमीरा, लहिरू कुमारा और लहिरू मदुशंका भी इंजरी की वजह से एशिया कप में पार्ट नहीं ले पाएंगे। बिनुरा फर्नांडो और प्रमोद मधुसन को आखिर समय पर टीम में शामिल किया गया है।



बांग्लादेश से पहली भिड़ंत

एशिया कप 2023 में श्रीलंका अपने अभियान का आगाज बांग्लादेश के खिलाफ करेगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला 31 अगस्त को खेला जाएगा। श्रीलंका ने पिछले साल बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया था। दासुन शनाका की कप्तानी में टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को धूल चटाई थी।

# मैं 50 ओवर के प्रारूप को समझने की कोशिश करूंगा : सूर्यकुमार यादव

बेंगलुरु ,29 अगस्त। भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने कहा कि वह आगामी एशिया कप से पहले 50 ओवर के प्रारूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि वह मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ बातचीत कर रहे हैं और इस संबंध में कप्तान रोहित शर्मा और करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली भी शामिल हैं।

शीर्ष क्रम के टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार ने 26 एकदिवसीय मैच खेले हैं और 101.38 के स्ट्राइक–रेट के साथ उनका औसत केवल 24.33 है। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ हालिया वनडे में 19, 24 और 35 के स्कोर बनाए और इससे पहले, वह मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर लगातार तीन पहली गेंद पर शून्य पर आउट हुए थे।

सूर्यकुमार ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मुझे लगता है कि जो भूमिका मुझे दी जाएगी, मैं उस भूमिका को बनाए रखने की कोशिश करूंगा, और अगर यह कोई बदली हुई भूमिका है तो मैं कोशिश करूंगा और वह करूंगा। लेकिन हां, यह एक ऐसा प्रारूप है जिसमें मैं वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं। हर कोई कह रहा है कि ह्यटी20 मेरे लिए अच्छा चल रहा है, दोनों सफेद गेंद का क्रिकेट है लेकिन मैं 50 ओवर के प्रारूप में कोड को क्रैक क्यों नहीं कर पा रहा हूं।ह्व लेकिन, मैं अपना अभ्यास कर रहा हूं क्योंकि मेरे अनुसार, यह प्रारूप सबसे चुनौतीपूर्ण है।

इसके पीछे कारण यह है कि यहां आपको बाकी 3 फॉर्मेट की तरह ही खेलना होता है। सबसे पहले शांति और धैर्य के साथ स्थापित होकर, फिर स्ट्राइक को अच्छी तरह से घुमाकर, इसके बाद अंत में टी20 गेमप्ले।

उन्होंने आगे कहा, तो, इस प्रारूप में संतुलन बहुत महत्वपूर्ण है, और इसी कारण से, मैं बहुत अभ्यास कर रहा हूं और राहुल सर, रोहित भाई और विराट भाई के साथ इस संबंध में बातचीत भी कर रहा हूं। उम्मीद है, इस टूर्नामेंट के आगे बढने़ के साथ, मैं इस फॉर्मेट में बेहतर प्रदर्शन करूंगा।

दाएं हाथ के बल्लेबाज को उम्मीद है कि बेंगलुरु में चल रहे कैंप में उनकी कड़ी मेहनत उन्हें एशिया कप में वनडे कोड हासिल करने में मदद करेगी।मैं बस अपना इरादा बनाए रखने की कोशिश कर रहा हूं और कम से कम उसी दृष्टिकोण को अपनाने की कोशिश कर रहा हूं क्योंकि जब आप इस खेल को खेल रहे हों तो अपने दृष्टिकोण पर कायम रहना बहुत महत्वपूर्ण है।

## आकाश चोपड़ा ने दिया जवाब, बोले– राहुल के साथ काम आया था फॉर्मूला

नई दिल्ली, एशिया कप 2023 की शुरुआत 30 अगस्त से होने जा रही है।

टूर्नामेंट में भारतीय टीम की नैया को पार लगाने की जिम्मेदारी स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के कंधों पर होगी। हालांकि, विराट की बैटिंग पोजीशन को लेकर तमाम तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

कई पूर्व क्रिकेटर्स का मानना है कि कोहली को टीम का बैलेंस बनाए रखने के लिए नंबर चार पर बैटिंग करने उतरना चाहिए। हालांकि, नंबर तीन पर विराट के बेमिसाल आंकड़े उनको बैटिंग पोजीशन बदलने की इजाजत नहीं दे रहे हैं। इस बीच, भारत के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने किंग कोहली की बैटिंग पोजीशन को लेकर अपनी राय रखी है।

# बॉलीवुड स्टार्स से मिले शाहिद अफरीदी, सोशल मीडिया पर वीडियो मचा रहा धूम

नई दिल्ली, पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी अमेरिका में फ्रेंचाइजी क्रिकेट में हिस्सा लेने के लिए रुके हुए थे। वहां उन्होंने जीटी20 कनाडा और यूएस मास्टर्स टी10 में हिस्सा लिया।

शाहिद अफरीदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बॉलीवुड स्टार्स सोहेल खान और आफताब शिवदासानी के साथ एयरपोर्ट पर मुलाकात का वीडियो शेयर किया है। अफरीदी और दोनों बॉलीवुड स्टार्स को वीडियो में बातचीत करते हुए देखा जा सकता है।

शाहिद अफरीदी का इंस्टाग्राम पोस्ट

शाहिद अफरीदी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो पोस्ट करते हुए कैप्शन लिखा,

कनाडा में जीटी20 और अमेरकिा में यूएस मास्टर्स टी10 के लिए घूमते रहा। इसके अलावा पिछले 40 दिनों से शाहिद अफरीदी फाउंडेशन के लिए कुछ चैरिटी इवेंट्स में हिस्सा लिया। मुझे पाकिस्तान की याद आ रही है। एक बात तो तय है, लोगों को खेल विशेषकर क्रिकेट से ज्यादा कोई नहीं एकजुट कर सकता। इस खेल से प्यार है।



भारत–पाकिस्तान की भिड़ंत

भारत और पाकिस्तान के बीच हाई वोल्टेज मैच 2 सितंबर को खेला जाएगा। दोनों देशों के बीच वनडे वर्ल्ड कप से पहले एशिया कप में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक कुल 132 वनडे मैच खेले गए हैं।

पाकिस्तान का पलड़ा इसमें भारी नजर आया, जिसने 73 मैच जीते हैं।

भारतीय टीम 55 मैच जीतने में कामयाब रही। दोनों देशों के बीच चार मैच टाई रहे। भारत और पाकिस्तान के बीच वनडे प्रारूप में आखिरी भिड़ंत वर्ल्ड कप 2019 में हुई थी। तब भारतीय टीम ने पाकिस्तान को मात दी थी।

## फिल्मी दुनियां

# ओपनिंग डे पर ड्रीम गर्ल 2 की पूजा ने खूब बजाया दिलों का टेलीफोन

आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे स्टारर 'ड्रीम गर्ल 2' साल 2023 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक थी. ये फिल्म इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है. फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस मिक्स्ड रिव्यू मिला है. आयुष्मान की यह फिल्म साल 2019 की हिट फिल्म 'ड्रीम गर्ल' की सीक्वल है. ड्रीम गर्ल 28 करोड़ रुपये के बजट में बनी थी और इसने 200 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की थी. वहीं 'ड्रीम गर्ल 2' की ओपनिंग भी अच्छी रही है. चलिए यहां जानते हैं आयुष्मान स्टारर फिल्म ने रिलीज के पहले दिन कितनी कमाई की है? बॉक्स ऑफिस पर पिछले दो हफ्ते से 'गदर 2' और 'ओएमजी 2' राज कर रही है. इन दोनों फिल्मों के बीच राज शांडिल्य के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई. वहीं 'ड्रीम गर्ल 2' की पूजा ने एक बार फिर दर्शकों के दिलों की घंटी बजा दी है और इसी के साथ फिल्म की शुरुआत भी अच्छी रही है. वहीं अब



'ड्रीम गर्ल 2' की रिलीज के पहले दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक 'ड्रीम गर्ल 2' ने रिलीज के पहले दिन शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर 9.7 करोड़ रुपयों का कलेक्शन किया है. सनी देओल की 'गदर 2' की तूफानी कमाई के आगे 'ड्रीम गर्ल 2' का पहले दिन का कलेक्शन शानदार माना जा रहा है. वहीं उम्मीद है की वीकेंड पर 'ड्रीम गर्ल 2' की कमाई में तेजी आएगी और ये शानदार कलेक्शन करेगी. अब देखने वाली बात होगी की बॉक्स ऑफिस पर 'ड्रीम गर्ल 2' क्या 'गदर 2' के आगे कितनी कमाई कर पाएगी. मथुरा का एक छोटे शहर का लडका, करम, अपने पिता का कर्ज चुकाने के लिए हर दिन संघर्ष कर रहा है, जिसने लगभग सभी से पैसे उधार लिए हैं. दूसरी ओर, वह परी से बेहद प्यार करता है, जिसके पिता ने उससे शादी करने के लिए शर्तें रखी हैं. अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए, करम पूजा बनकर सामने आता है.इसके बाद जो ड्रामा शुरू होता है वो हंसा–हंसाकर लोट–पोट कर देता है. फिल्म में आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे के अलावा परेश रावल, अनु कपूर, राजपाल यादव, असरानी, सीमा पाहवा, विजय राज, मनजोत सिंह, अभिषेक बनर्जी, रंजन राज, मनोज जोशी ने अहम रोल प्ले किया है

## प्रियंका चोपड़ा की लव अगेन ओटीटी रिलीज के लिए तैयार

बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी सफलता का परचम लहराने वाली प्रियंका चोपड़ा की फिल्म लव अगेन 5 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें सैम ह्यूगन भी मुख्य भूमिका में हैं।फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों की ओर से मिली–जुली प्रतिक्रियाएं मिली थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।अब लव अगेन अपनी ओटीटी रिलीज के लिए तैयार हैइसका प्रीमियर 20 सितंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर किया जाएगा।लव अगेन अमेजन प्राइम वीडियो पर भी उपलब्ध है। प्राइम वीडियो पर 79 रुपये में यह फिल्म आप रेंट पर ले सकते हैंइसका निर्देशन जेम्स सी स्ट्रॉस ने किया हैहॉलीवुड के सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद लव अगेन 12 मई को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

# कांतारा 2 की शूटिंग नवंबर में होगी शुरू, 2024 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म

कन्नड़ फिल्म स्टार ऋषभ शेट्टी के डायरेक्शन में ही बनी उनकी ब्लॉकबस्टर मूवी कांतारा के प्रीक्वल को लेकर एक दिलचस्प जानकारी हाथ लगी है। खबर है कि साउथ सिनेमा के जाने–माने स्टार और डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी ने अपनी अपकमिंग मूवी कांतारा 2 के बजट में भारी बढ़ोतरी कर दी है। जिसके बाद फिल्म इंडस्ट्री में खासी हलचल बढ़ गई। वर्ल्डवाइड करीब 400 करोड़ रुपये कमा लेने के बाद कांतारा के प्रीक्वल का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस मूवी का ऐलान कांतारा के ब्लॉकबस्टर होते ही कर दिया गया था। जिसके साथ ही मूवी प्री–प्रोडक्शन में चली गई थी। मूवी के हिट होते ही निर्देशक ऋषभ शेट्टी ने प्रीक्वल की स्क्रिप्ट तैयार करनी शुरू कर दी थी।



अब इस फिल्म जल्दी ही शूटिंग स्टेज पर पहुंचने वाली है।

प्राप्त समाचारों के अनुसार ऋषभ शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म कांतारा के प्रीक्वल की शूटिंग इसी साल नवंबर महीने से शुरू हो जाने वाली है। कांतारा–2 में निर्माता–निर्देशक इस फिल्म के पहले की कहानी दिखाने वाले हैं। जिसे लेकर अभी से ही लोग उत्सुक हैं। सबसे बड़ी हैरानी इसी बात को लेकर है। रिपोर्ट्स की मानें तो कांतारा 2 को पहले से भी ज्यादा भव्य और विशाल बनाने के लिए निर्माता–निर्देशकों ने इस मूवी के प्रीक्वल पर मोटा खर्च करने की तैयारी की है।

# प्रिया भवानी, मालविका को कन्नड़ फिल्म भीमा में नायिका के रूप में चुना गया



प्रिया भवानी शंकर और मालविका शर्मा कन्नड़ फिल्म भीमा की नायिकाएं होंगी, जिसमें सुपर स्टार गोपीचंद मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, क्योंकि यह उनकी 31वीं फिल्म होगी। यह फिल्म ए हर्षा द्वारा निर्देशित और के.के. द्वारा निर्मित है। श्री सत्य साईं आर्ट्स के बैनर तले राधामोहन। फिल्म में दोनों हीरोइनों की बराबर अहमियत होगी। फिल्म का पहला लुक पहले गोपीचंद के जन्मदिन के दौरान जारी किया गया था और माचो हीरो के दमदार लुक को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी।

बड़े पैमाने पर बन रही इस हाई–बजट फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में चल रही है। पारिवारिक भावनाओं और अन्य तत्वों की अच्छी खुराक से सजी एक विशाल एक्शन मनोरंजक फिल्म भीमा में विभिन्न शिल्पों की देखभाल करने वाले कुछ शीर्ष तकनीशियन होंगे। जबकि स्वामी जे.गौड़ा छायाकार हैं, केजीएफ फेम रवि बसरूर संगीत देंगे। रमाना वंका प्रोडक्शन डिजाइनर हैं और किरण संपादक हैं। अज्जू महंकाली संवाद लिखेंगे। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में राम–लक्ष्मण, वेंकट और डॉ रवि वर्मा द्वारा कोरियोग्राफ किए गए झगड़े होंगे।

# सीरत कपूर भामाकलापम 2 में नजर आएंगी

अभिनेत्री सीरत कपूर, जिन्होंने हाल ही में शारवानंद के साथ एक अनाम रोमांटिक कॉमेडी के लिए आठ साल बाद अपने सहयोग की घोषणा की, जल्द ही आगामी स्ट्रीमिंग फिल्म भामाकलापम 2 में दिखाई देंगी।

अभिनेत्री ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर अपने परीक्षणों से एक तस्वीर पोस्ट करते हुए अपने अनुयायियों के साथ खबर साझा की। तस्वीर में, वह अपने घुंघराले बालों के साथ एक चमकदार पोशाक पहने हुए देखी जा सकती है। उन्होंने तस्वीर को कैप्शन दिया, ऑनटू माई नेक्स्ट सेट प्तभामाकलापम2। अभिनेत्री फ्रैंचाइज़ में एक नई प्रेरण है।



सीरत के सीरीज का हिस्सा होने पर सेट से एक सूत्र ने खुलासा किया, सीरत एक ऐसा किरदार निभाने के लिए तैयार हैं जो न केवल ग्लैमरस है बल्कि मजाकिया और रहस्यमय भी है। वह बेहद ग्लैमरस अवतार में नजर आने वाली हैं।सूत्र ने आगे उल्लेख किया, भामाकलापम 2 में सीरत कपूर का किरदार उनकी अपनी बॉलीवुड की पहली फिल्म मैरिच से प्रेरणा लेता है, जहां उन्होंने एक ऐसी भूमिका निभाई जिसने दर्शकों को उत्सुक और प्रभावित किया। जटिल किरदारों को चित्रित करने की उनकी आदत के साथ, उम्मीद है कि सीरत इस वेब सीरीज में भी अपने किरदार में एक अनूठी गहराई लाएगी और निर्माता इससे प्रभावित हुए और उन्होंने इस सीरीज में भी उसी किरदार को लाने का फैसला किया है। अभिनेत्री ने सेट से कई तस्वीरें भी पोस्ट की थीं, जहां वह एक मिनी वन–पीस में ग्लैमरस लग रही थीं, जिसमें उनके बाल खुले थे और वह परफेक्ट मेकअप के साथ एक बार में कैमरे के सामने पोज दे रही थीं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com